● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 204, पृष्ठ : 08, सीधी, शुक्रवार , 06 सितम्बर 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र

दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ





महाराष्ट्र में नवंबर में होंगे विधानसभा चुनाव, तैयार रहे कार्यकर्ता : एकनाथ शिंदे 5

तीरंदाजी में हरविंदर ने जीता गोल्ड 6

## संक्षिप्त समाचार

### भोपाल के भदभदा कलियासोत-कोलार के 1-1 गेट खुले

● बड़ा तालाब के कैचमेंट एरिया में बारिश, अब तक 43 इंच पानी गिरा


**भोपाल।** कैचमेंट एरिया में बारिश होने से भोपाल का बड़ा तालाब फिर छलक उठा। इससे भदभदा और फिर कलियासोत डैम के एक-एक गेट खोलने पड़े। गुरुवार को भी दोनों गेट खुले हुए हैं। भोपाल के पास कोलार डैम का भी एक गेट खुला हुआ है। भदभदा डैम का एक गेट बुधवार शाम को ही खोल दिया गया था। इसके



बाद कलियासोत का गेट भी खोला गया। पानी का स्तर अधिक होने पर कलियासोत डैम का रात में ही दूसरा गेट कुछ देर के लिए खोला गया। हालांकि, गुरुवार को एक ही गेट खुला हुआ है। पिछले 24 घंटे में भोपाल में पौन इंच से अधिक बारिश हुई। इसे मिलाकर बारिश का आंकड़ा 43 इंच के पार हो गया है। गुरुवार सुबह धूप-छांव वाला मौसम है। कभी तीखी धूप निकल रही है तो कभी छांव है। दोपहर 1 बजे के बाद तीखी धूप निकल गई है। भोपाल में अब तक करीब 43 इंच बारिश हो चुकी है, जो सीजन की 114 प्रतिशत है। जिले की सामान्य बारिश 37.6 इंच है। जुलाई और अगस्त में कोटे से ज्यादा बारिश हो चुकी है।

### गुजरात में बारिश-बाढ़ ने फिर मचाया कोहराम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मौसम विभाग ने गुरुवार को मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, उत्तर प्रदेश सहित 22 राज्यों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। राजस्थान में तीन दिन तक भारी बारिश का अलर्ट है। बुधवार को राजस्थान के जोधपुर में सबसे ज्यादा 90.6 एमएम बारिश दर्ज की गई। दिल्ली-जयपुर नेशनल हाईवे पर ट्रैफिक जाम लगा। हिमाचल प्रदेश में बारिश के कारण 119 सड़कें बंद हैं, इनमें 2 नेशनल हाईवे हैं। हरियाणा के पंचकूला में ईंट भट्टे की दीवार गिरने से 3 बच्चों की



मौत हुई। मध्य प्रदेश में भी बारिश की जुड़ी घटनाओं में एक महिला और एक युवक की मौत हो गई। गुजरात में इस मानसून सीजन में अब तक 49 लोगों की मौत हो चुकी है। राज्य में अगले 5 दिनों तक भारी बारिश का अलर्ट है। नगालैंड के चुमौकेदिमा जिले में बुधवार (4 सितंबर) को भारी बारिश के कारण फेरिमा और पगला पहाड़ पर लैंडस्लाइड हुआ। इसमें एक महिला सहित 6 लोगों की मौत हो गई। एनएच-29 का बड़ा हिस्सा बह गया। कई लोग लापता भी हैं। महाराष्ट्र के कई जिलों में पिछले तीन दिनों लगातार भारी बारिश हो रही है। मराठवाड़ा क्षेत्र 10 लोगों की मौत हुई है। 1126 घरों को नुकसान पहुंचा है।

# विकास ऐसा हो कि जिसका लाभ इस पीढ़ी के साथ आने वाली पीढ़ी को भी मिले

● सीएम बोले-नई प्रौद्योगिकी के युग में निरंतर विचार-विमर्श से ही समावेशी विकास के नए मार्ग प्रशस्त होंगे

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आर्थिक प्रगति के मार्ग पर पूरी रफ्तार के साथ दौड़ रहा है। अधोसंरचना का काम रीढ़ की हड्डी की तरह होता है, जिस पर आर्थिक और समावेशी विकास की नीतियां आकार लेती है। प्रौद्योगिकी की ताकत को पहचाने, इसका सदुपयोग कर समाज हित में संकल्प को पूर्णता प्रदान करे ताकि इस पीढ़ी के साथ आने वाली पीढ़ी भी लाभान्वित हो सके। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को उज्जैन से भोपाल में निर्माण उद्योग विकास परिषद द्वारा आयोजित कॉन्फ्रेंस को वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव नें अधोसंरचना निर्माण में नवाचारों का समावेश विषय पर आयोजित कॉन्फ्रेंस का उज्जैन से वर्चुअली शुभारंभ भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अधोसंरचना के क्षेत्र में समावेशी विकास की गुंजाइश पर आयोजित कॉन्फ्रेंस बुनियादी ढांचे, पर्यावरण, स्वास्थ्य, नवाचारों आदि संभावनाओं पर समग्र रूप से विचार किया जाए। नवीन प्रौद्योगिकी के युग में एक प्लेटफार्म पर निरंतर विचार विमर्श से ही समावेशी विकास के



नए मार्ग एवं द्वार खुलेंगे। प्रदेश और निर्माण की बेहतरी के लिए हर संभावना को तलाशा जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं और जलवायु परिवर्तन के संकट से बचाव के लिए प्रभावी और लचीले बुनियादी ढांचे के निर्माण पर हमे जोर देना होगा। नई विधाएं अपनाकर निर्माण की गति भी बढ़ानी होगी। निर्माण के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। निर्माण लागत और संसाधन को कम करने में भी सुधार की गुंजाइश हैं। आज पर्यावरण अनुकूल निर्माण सामग्री और निर्माण प्रक्रिया अपनाने की आवश्यकता है। मौसम आधारित निर्माण पर भी समग्र रूप से विचार करने की जरूरत है।

# छत्तीसगढ़-तेलंगाना बॉर्डर पर मुठभेड़ में 6 नक्सली ढेर

### इनमें दो महिलाएं, शव और हथियार बरामद, 2 दिन पहले भी 9 नक्सली मारे गए थे

**जगदलपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़-तेलंगाना बॉर्डर पर 6 नक्सलियों को सुरक्षाबलों ने ढेर कर दिया है। इनमें दो महिलाएं भी शामिल है। जवानों ने हथियार और शव बरामद कर लिए हैं। दो जवानों को भी गोली लगी है। इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है। तेलंगाना की ग्रेहाउंड पुलिस को सूचना मिली थी कोत्तागुडेम जिले के गुंडाला-करकागुडेम इलाके में



भारी संख्या में नक्सली मौजूद हैं। इसी आधार पर फोर्स को एक दिन पहले ही सर्च ऑपरेशन के लिए भेजा गया था। दो दिनों में ये दूसरा बड़ा हमला है। इससे पहले 3 सितंबर को दंतेवाड़ा-बीजापुर बॉर्डर पर 9 नक्सली मारे गए थे अब तेलंगाना बॉर्डर पर 6 ढेर किए गए। जवान सुबह ही नक्सलियों के ठिकाने पर पहुंचे। जहां इनके साथ मुठभेड़ हो गई। दोनों तरफ से जमकर गोलीबारी हुई। जवानों ने 6 डेडबॉडी बरामद कर लिया है मारे गए नक्सलियों में एक डिविजनल कमेटी मेंबर एक एरिया कमेटी मेंबर और 4 पार्टी सदस्य शामिल हैं। इनमें 2 नक्सली बस्तर के सुकमा और बीजापुर जिले के रहने वाले हैं। 3 सितंबर को दंतेवाड़ा जिले में बैलाडीला की पहाड़ियों के नीचे बसे गांवों के जंगल में मुठभेड़ हुई थी। जवानों ने तेलंगाना के रहने वाले रणधीर समेत 9 माओवादियों को ढेर किया था। रणधीर पर 25 लाख रुपए का इनाम था। मारे गए सभी 59 लाख रुपए के इनामी नक्सली हैं।

# भारत और सिंगापुर के बीच चार समझौतों पर हस्ताक्षर

● पीएम बोले-हम भारत में कई सिंगापुर बनाना चाहते हैं ● अपने खास दोस्त से मुलाकात के बाद कही बड़ी बात

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री मोदी सिंगापुर के दौरे पर है। जहां उन्होंने अपने खास दोस्त और सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने भारत और सिंगापुर के बीच चार समझौतों पर हस्ताक्षर पर भी किए। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंध व्यापक स्तर पर पहुंच गया है। इस दौरान पीएम मोदी ने सिंगापुर में रह रहे भारतीय मूल के लोगों से भी मुलाकात की। उन्होंने कहा कि सिंगापुर भारत का न केवल साझेदार राष्ट्र है बल्कि हर विकासशील देश के लिए प्रेरणा भी है। पीएम ने आगे कहा कि हम भारत में कई सिंगापुर बनाना चाहते हैं। इसके



लिए दोनों देश मिलकर काम कर रहे हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने पीएम के बैठक की जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दी। उन्होंने लिखा कि दोनों देशों के बीच संबंधों का नया अध्याय है। दोनों देश व्यापक रणनीतिक साझेदारी पर पहुंचे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग ने आज सिंगापुर में एक सार्थक बैठक की। इसके साथ ही जायसवाल ने कहा,'दोनों नेताओं ने संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की है। उन्होंने उन्नत विनिर्माण, संपर्क-सुविधा, डिजिटलाइजेशन स्वास्थ्य सेवा, चिकित्सा और कौशल विकास जैसे मुद्दे पर द्विपक्षीय व्यापक समीक्षा की।' पीएम मोदी ने सिंगापुर के प्रधानमंत्री वोंग का गर्मजोशी से स्वागत के लिए आभार व्यक्त किया। पीएम मोदी ने कहा कि वोंग के पीएम पद संभालने के बाद ये उन दोनों की पहली मुलाकात है। इसके लिए मोदी ने वोंग को बधाई भी दी। मोदी ने कहा,4 जी (चौथी पीढ़ी के नेताओं) के नेतृत्व में सिंगापुर तेजी से प्रगति करेगा।

# पुतिन ने दिए यूक्रेन के साथ बातचीत के संकेत

● कहा-भारत हो सकता है अच्छा मध्यस्थ, दो और देशों पर जताया भरोसा

**मॉस्को (एजेंसी)।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि भारत उनके और यूक्रेन के बीच युद्ध रुकवाने में अहम भूमिका में हो सकता है। पुतिन ने गुरुवार को यूक्रेन से बातचीत का संकेत देते हुए भारत के अलावा चीन और ब्राजील का नाम लिया है, जो यूक्रेन के साथ संभावित शांति वार्ता में मध्यस्थ के रूप में अच्छा काम कर सकते हैं। पुतिन ने इस दौरान कहा कि युद्ध के शुरुआती हफ्तों में इस्तांबुल में वार्ता में रूसी और यूक्रेनी वार्ताकारों के बीच एक प्रारंभिक समझौता हुआ था लेकिन ये कभी लागू नहीं किया जा सका। अगर फिर से शांति पर बातचीत होती है तो इसी समझौते को वार्ता के आधार के तौर पर शामिल किया जा सकता है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, रूसी राष्ट्रपति



व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन के साथ बातचीत शुरू करने की इच्छा दिखाते हुए कहा कि चीन, भारत और ब्राजील अच्छी भूमिका निभा सकते हैं। पुतिन ने हालांकि इस दौरान यूक्रेन पर गुस्सा भी दिखाया और कहा कि यूक्रेनी सेना की कुर्स्क में घुसपैठ का उद्देश्य डोनबास में रूसी बढ़त को धीमा करना था लेकिन वह इसमें फेल रहा क्योंकि इसके लिए कीव ने बाकी मोर्चे पर अपनी सेना को कमजोर कर लिया। पुतिन ने कहा कि यूक्रेन ने ट्रेंड यूनिट्स को रूस में स्थानांतरित करके कमजोर कर लिया है।

# शिक्षक दिवस सम्मान समारोह में सम्मानित हुए 12 शिक्षक

### राजधानी के सुभाष स्कूल में आयोजित हुआ कार्यक्रम, सीएम वर्चुअली जुड़े

### छात्रा ने मंत्री के कान में कहा,सिंगरौली में शिक्षक कराते हैं चीटिंग, उसे रोकें

**भोपाल।** शिक्षक दिवस के मौके पर भोपाल के सुभाष स्कूल में गुरुवार को 12 शिक्षकों का सम्मान किया गया। यहां पर स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह के अलावा मुख्यमंत्री मोहन यादव वर्चुअली जुड़े थे। इसी बीच एक छात्रा उनसे काफी देर से मंत्री राव उदय प्रताप सिंह से बात करने की कोशिश में थी। जब राव उदय प्रताप सिंह मंच से नीचे आए तो उन्होंने बोला कि वह छात्रा कहां है तब छात्रा अंतिमा मिश्रा उनके सामने आई और अपनी समस्या को रखा, राव उदय प्रताप सिंह ने अंतिमा को कहा कि आप यह जानकारी हमें दीजिए हम इसकी जांच करवाएंगे। कार्यक्रम के बाद जब अंतिमा से बात करने की कोशिश की तो उसने बताया कि मैंने मंत्री जो को एक बहुत ही महत्वपूर्ण बात से अवगत कराया है। अंतिमा ने बताया कि मैं सीएम राइज स्कूल चितरंगी, जिला सिंगरौली से हूं, जिस ब्लॉक से ब्लॉग करती हूं वहां का जो भी सेंटर



आता है वहां सीसीटीवी नहीं लगे हैं, टीचर्स बच्चों को पास करने के लिए नकल करवाई जाती है। जितने भी स्कूल हैं वहां रिजल्ट हमेशा 100 प्रतिशत होता है। वही अनुरोध कर रही थी कि इसे रोका जाए, बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ होगा। अंतिमा ने बताया कि वह एक्सीलेंस स्कूल की 11वीं की छात्रा हैं। उन्होंने बताया कि मैं देखती हूं कि सरकार इसके लिए कुछ करती भी है या नहीं, या फिर मुझे बुलाकर सिर्फ पूछ लिया है।

वहीं जब इस बारे में राव उदय प्रताप सिंह ने बात करने की कोशिश की गई तो उनसे संपर्क नहीं हो सका। शिक्षक दिवस के मौके पर भोपाल के सुभाष स्कूल के 12 शिक्षकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

### शिक्षकों के लिए चुनौती का युग

स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने कहा- हम सबके लिए प्रेरणा गौरव का विषय है कि मुख्यमंत्री ऐसे समय में हमारे साथ जुड़ रहे हैं। अंत्येष्टि के चार घंटे बाद उन्होंने सेवा करने का काम शुरू कर दिया है। उन्होंने डॉक्टर राधा कृष्ण सर्व पल्ली के बारे में कहा कि यह बच्चों के लिए प्रेरणा है कि एक शिक्षक देश का राष्ट्रपति भी बन सकता है। माता-पिता के बाद अगर सबसे बड़ा कोई गुरु इस दुनिया में है तो वह शिक्षक है।

मुझे लगता है पूरे देश में हमारे बच्चों को अवसर मिलता है कि साल भर जो शिक्षक प्रेरित करने का काम करता है आपको शिक्षा दिशा देने का कार्य करता है, इस दिन उसका अभिनन्दन करने का मौका मिलता है। बच्चों से उन्होंने कहा कि आप लोग बहुत डिजिटल हो, आज हाईटेक युग में पढ़ रहे हो। हमारी डिपेंडेंसी गूगल पर नहीं होने चाहिए, हमें मानवीय संवाद के साथ आगे बढ़ना चाहिए। मैं यह नहीं कहता है कि हमें गूगल इस्तेमाल नहीं करना चाहिए, मगर हमें हमारी मूल चीजों पर चलना चाहिए। हमारी पुरानी पद्धति और आज के युग का डिजिटल वर्ल्ड, यह सब चुनौती है।

# भोपाल मेट्रो का दूसरा ब्रिज 200 टन वजनी, 48 मीटर लंबा

### डीआरएम तिराहे पर नीचे से गाड़ियां, ऊपर से गुजरेगी मेट्रो, सितंबर में बड़ी मशीनों से रखेंगे

**भोपाल।** भोपाल मेट्रो का दूसरा स्टील ब्रिज 200 टन वजनी और 48 मीटर लंबा है। इसे सितंबर में ही बड़ी मशीनों से डीआरएम तिराहे पर रखेंगे। इसके बाद नीचे से गाड़ियां और ऊपर से मेट्रो ट्रेन गुजरेगी। पहला स्टील ब्रिज रेलवे ट्रैक के ऊपर रखा जा चुका है। आरकेएमपी (रानी कमलापति) रेलवे स्टेशन के पास हबीबगंज नाके से डीआरएम स्टेशन के बीच 2 स्टील ब्रिज से मेट्रो गुजरेगी। इसके लिए पिछले 8 महीने से काम चल रहा है। 4 सितंबर को 3 घंटे के अंदर रेलवे ट्रैक पर पिलर के ऊपर 65 मीटर लंबा और 400 टन वजनी ब्रिज का स्ट्रक्चर रख दिया गया। अब दूसरे ब्रिज को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। दूसरा कंपोजिट स्टील ब्रिज है। जिसे पिलर के ऊपर रखने के लिए बड़ी-बड़ी मशीनों की मदद ली जाएगी। हबीबगंज नाका रेलवे ओवरब्रिज की लॉन्चिंग मंगलवार को की गई थी। मेट्रो कॉर्पोरेशन ने सुबह 11.30 से



2.30 बजे तक तीन घंटे का ब्लॉक लिया था। 200 से अधिक अफसर और कर्मचारियों की मौजूदगी में मिशन शुरू हुआ। जैसे ही ब्लॉक मिला, काम शुरू कर दिया गया। 400 टन वजनी इस स्टील ब्रिज की लंबाई 65 मीटर, चौड़ाई 15 मीटर और ऊंचाई 14 मीटर है। जिसे बड़ी क्रेन और 75 हॉर्स पॉवर की मशीनों की मदद से खींचा और उठाया गया।

**सबसे पहले दूसरा ब्रिज रखेंगे, बाकी के काम भी होंगे-** पहला रेलवे ओवरब्रिज और दूसरा कंपोजिट ब्रिज है। यह भी राजस्थान के अलवर से लाया गया। पहला ब्रिज रखने के बाद अब दूसरे ब्रिज को असेंबल किया जा रहा है। इसका वजन 200 टन और लंबाई 48 मीटर है। हबीबगंज नाका और रेलवे ट्रैक के बीच पिलर पर गर्डर लॉन्चिंग नहीं है। अब गर्डर बिछाई जाएगी। यानी, गैप को कनेक्ट करेंगे। रेलवे ट्रैक के आसपास स्टील ब्रिज के अस्थायी स्ट्रक्चर को हटाया जाएगा। डीआरएम तिराहे पर कंपोसिट ब्रिज को बड़ी क्रेन और मशीनों की मदद से पिलर पर रखा जाएगा।

# विधानसभा चुनाव से पहले महाराष्ट्र के दौरे पर पहुंचे राहुल और खड़गे

**मुंबई (एजेंसी)।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे गुरुवार को महाराष्ट्र दौरे पर थे। राहुल गांधी ने महाराष्ट्र के सांगली में पूर्व राज्य मंत्री दिवंगत पतंगराव कदम की प्रतिमा का अनावरण किया। कदम का 2018 में निधन हो गया था। इस मौके



पर महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले, विधानसभा में विपक्ष के नेता विजय वडेट्टीवार और कांग्रेस विधायक दल के नेता बालासाहेब थोरात भी मौजूद रहे। इससे पहले दोनों नेताओं ने नांदेड़ में दिवंगत सांसद वसंतराव चव्हाण के परिवार से मुलाकात की। 69 साल के चव्हाण का लंबी बीमारी से जूझने के बाद 26 अगस्त को हैदराबाद में निधन हो गया था।

# जिले में अवैध उत्खनन परिवहन पर करे कठोर कार्यवाही : कमिश्नर

## राजस्व प्रकरणो के निराकरण में संभाग में पहला स्थान प्राप्त करने पर संभागीय कमिश्नर ने कलेक्टर सहित राजस्व अधिकारियो को दी बधाई



**सिंगरौली।** जिले के प्रवास पर आये हुये रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद एवं आईजी रीवा जोन महेन्द सिंह सिकरवार के द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में संयुक्त रूप से जिले की सुरंक्षा व्यवस्था एवं अवैध रेत उत्खनन परिवहन पर रोक हेतु राजस्व एवं पुलिस अधिकारियो की संयुक्त बैठक आयोजित कर समीक्षा की गई। इस दौरान कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला, पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता सहित राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

संभागीय कमिश्नर श्री जमोद ने कहा कि राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी एक दूसरे के पूरक है यदि आपसी समन्वय बनाकर कार्य करे तो जिले में शांति व्यवस्था सुचारू रूप से बनी रहेगी। साथ ही अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर शत विराम लग सकता है। संभागीय कमिश्नर ने जिला खनिज अधिकारी से जिले में संचालित रेत खदानो की जानकारी ली। तथा निर्देश दिये कि अवैध रूप से संचालित होने वाली रेत खदानो सहित अवैध परिवहन भण्डारण के साथ साथ किसी भी प्रकार की अवैध रूप से परिवहन किये जाने वाले खनिजो पर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट एवं पुलिस के अधिकारी अभियान चलाकर कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करे। उन्होंने निर्देश दिये कि यह भी जॉच करे कि लीगल रूप से संचालित होने वाले वाहनो पर ओवर लोडिंग न हो अभी एक माह तक लीगल रूप से भी रेत परिवहन प्रतिबंधित रहेगा। लीगल रूप से रेत का परिवहन 2 अक्टूबर से प्रारंभ होगा। आप सभी अभियान चलाकर अवैध रूप से किये जाने वाले परिवहन पर कठोर कार्यवाही करे। साथ ही यह भी निर्देश दिये गये कि सोन अभ्यारण से किसी भी प्रकार का उत्खनन एवं परिवहन न हो रेत परिवहन में संलग्न पाये जाने वाले ब? तथा छोटे वाहनो को राजसात करने की कार्यवाही करे।संभागीय कमिश्नर ने निर्देश दिये कि जिले में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना घटित न हो इसके लिए विशेष निगरानी बनाये रखे। साथ ही ऐसे व्यक्तियों को चिन्हित करे जिनके द्वारा जिलें मे अशांति फैलाये जाने की आशंका बनी रहती है। उनके विरूद्ध ओवर बाउन्ड की कार्यवाही करे। साथ ही आगामी दिनो में आने वाले त्योहारो को दृष्टिगत रखते हुये शांति समिति की बैठक आयोजित करे सभी त्योहार शांति एवं भाई चारे के साथ सौहार्द पूर्ण वातावरण में मनाया जाये। संभागीय कमिश्नर ने राजस्व महाअभियान के दौरान राजस्व प्रकरणो के निराकरण में सिंगरौली जिले को संभाग में पहला तथा प्रदेश में 17 वा स्थान मिलने पर कलेक्टर सहित राजस्व अधिकारियों कर्मचारियो को बधाई दी। वही यह भी निर्देश दिये कि अभी तक राजस्व प्रकरणो के निराकरण में जिन पैरामीटरो में प्रगति कम है उसे पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें। साथ ही जमीन विवाद से संबंधित प्रकरणो का समाधान राजस्व एवं पुलिस की टीम संयुक्त रूप से मिलकर करे। अधिकारी अपने क्षेत्रो में रात्रि विश्राम किया जाना भी सुनिश्चित करे। बैठक में रीवा संभाग के आईजी महेन्द्र सिंह सिकरवार ने निर्देश दिये कि 1 अक्टूबर तक रेत खदानो से रेत के परिवहन एवं उत्खनन में प्रतिबंध है अनलीगल रूप से होने वाले रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन को रोकने लिए राजस्व एवं पुलिस तथा माईनिंग के अधिकारी संयुक्त रूप से कार्यवाही करे। इसके लिए आपसी समन्वय बनाये अधिकारी एक दूसरे का नम्बर साझा करे। आईजी श्री सिकरवार ने कहा कि पुलिस विभाग के द्वारा एक ब?ा अभियान चलाया जा रहा है जिसमें आपका थाना आपके गांव संचालित है इसमें भी राजस्व एवं पुलिस के अधिकारी संयुक्त रूप से गांव में होने वाले विवादो का निराकरण करे । वही थाना प्रभारी एवं चौकी प्रभारी अपने क्षेत्र के गावा में रात्रि विश्राम करे। बैठक के प्रांरभ में कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला ने संभागीय कमिश्नर एवं आईजी का स्वागत करते हुये जिले में राजस्व महाअभियान के दौरान की गई प्रगति की जानकारी से अवगत कराते हुये कहा कि राजस्व एवं पुलिस विभाग का चोली दामन का संबंध है।

# एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर प्रधानाचार्य एवं शिक्षकगणों को किया गया सम्मानित




**सिंगरौली।** भारत में हर साल 5 सितंबर को शिक्षक दिवस बड़े ही उत्साह के साथ मनाया जाता है, जो एक सम्मानित विद्वान, शिक्षक और देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती का सम्मान करता है। इस मौके पर देश भर के तमाम शिक्षण संस्थानों में अध्यापकों का सम्मान किया जाता हैं इसी कड़ी में एनटीपीसी-विंध्याचल प्रबंधन द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर परियोजना के उमंग भवन सभागार में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन बड़ी धूम धाम से किया गया। तत्पश्चात सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। कार्यक्रम मेँ मुख्य अतिथि के रूप में परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) समीर शर्मा, मुख्य महाप्रबंधक (चिकित्सा) डॉ. बीसी चतुर्वेदी, महाप्रबंधक(आर एल आई) त्रिलोक सिंह, महाप्रबंधक (संविदा एवं सामग्री) डीके अग्रवाल, महाप्रबंधक (परियोजना) अतिन कुंडु, मानव संसाधन प्रमुख राकेश अरोड़ा, अन्य महाप्रबंधकगण, अपर महाप्रबंधकगण, डीपीएस, डी-पॉल, सरस्वती शिशु मंदिर, टाइनी टोट्स एवं बाल भवन के सभी प्राचार्य एवं शिक्षकगण उपस्थित रहें।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं एनटीपीसी गीत के साथ हुआ। तत्पश्चात मुख्य अतिथि कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार, अन्य अतिथिगण एवं सभी प्रधानाचार्यगणों की उपस्थित में केक भी काटा गया। इसके अतिरिक्त इस अवसर पर सभी शिक्षकों हेतु विभिन्न प्रकार के गेम शो का भी आयोजन किया गया। समारोह में सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं नें बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया एवं इस समारोह का भरपूर लुत्फ उठाया।परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि सभी शिक्षकगण बधाई एवं सम्मान के पात्र है। आप सभी हमारे नन्हें मुन्हें बच्चों से लेकर किशोरावस्था के छात्र छात्राओं को दिन-रात कड़ी मेहनत करके शिक्षा प्रदान करते है,जो कि हम सब के लिए गौरव कि बात है। आज का यह कार्यक्रम आप सब की गरिमामयी उपस्थिती से शोभायमान हुआ है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं उपस्थित अन्य अतिथिगणों द्वारा डीपीएस, डी-पॉल, सरस्वती शिशु मंदिर एवं टाइनी टोट्स स्कूल के प्राचार्यों एवं शिक्षकगणों को सम्मानित किया गया। सभी स्कूलों के प्राचार्यों द्वारा एनटीपीसी विंध्याचल प्रबंधन को इस समारोह के आयोजन हेतु सराहना की गई। कार्यक्रम के अंत में इस क्षण को अविस्मरणीय बनाने के लिए परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार एवं उपस्थित अन्य अतिथिगणों के साथ सभी स्कूलों के प्राचार्यों एवं शिक्षको का सामूहिक फोटोग्राफ भी लिया गया।

# हिंडाल्को महान एल्युमीनियम, बरगवां का महान अस्पताल एनएबीएच प्रमाण पत्र पाने वाला जिले का पहला अस्पताल बना

**सिंगरौली।** सिंगरौली जिले का प्रतिष्ठित महान अस्पताल अब एनएबीएच (राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड फॉर हॉस्पिटल्स एंड हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स) से प्रमाणित हो गया है। यह सम्मान,अस्पताल के उत्कृष्ट संचालन, बेहतर इलाज और रोगियों की सुरक्षा के उच्चतम मानकों के लिए दिया गया है। पूरे सिंगरौली जिले में यह एकमात्र अस्पताल है जिसे इस अत्यधिक प्रशंसित प्रमाणन से मान्यता प्राप्त हुई है।एनएबीएच प्रमाणन, क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा निर्धारित नीतियों, प्रणालियों और प्रक्रियाओं के अनुरूप स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और सुरक्षा का प्रतीक है। इस प्रमाणन में अस्पताल के साधन-संसाधनों, मरीजों की सुरक्षा, संक्रमण मुक्त वातावरण और चिकित्सकीय प्रक्रियाओं का गहराई से मूल्यांकन किया जाता है।इस अवसर पर हिंडालको महान के इकाई प्रमुख ने अस्पताल को बधाई देते हुए कहा, हमारा संस्थान सिर्फ बेहतर इलाज के लिए ही नहीं, बल्कि कर्मचारियों और मरीजों के साथ उत्तम व्यवहार के लिए भी जाना जाता है। मानव संसाधन प्रमुख डॉक्टर विवेकानंद मिश्रा ने भी कहा महान अस्पताल अपनी उत्कृष्ट हॉस्पिटैलिटी के लिए प्रसिद्ध है, और हम मरीजों को सर्वश्रेष्ठ सुविधाएं प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।

# जिला मजिस्ट्रेट ने जारी किया प्रतिबंधात्मक आदेश

## पशुओं के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाए जाने हेतु प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

**सिंगरौली।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट ने चन्द्रशेखर शुक्ला द्वारा पशुओं के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने एवं लोक सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए संपूर्ण सिंगरौली जिले की सीमांतर्गत आगामी आदेश तक यह प्रतिबंधात्मक आदेश पारित किया है।

जारी आदेश के तहत कोई भी व्यक्ति,पशुपालक द्वारा अपने गौवंश या अन्य मवेशियों को जानबूझकर अथवा उपेक्षापूर्वक सार्वजनिक सड़क अथवा स्थान पर खुला छोड़ा जाता है तो संबंधित व्यक्ति/पशुपालक के विरुद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी; राष्ट्रीय राजमार्ग, राजकीय राजमार्ग, लोक निर्माण विभाग, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना आदि द्वारा निर्मित सड़को पर आवारा गौवंश व अन्य मवेशियों के स्वच्छंद विचरण पर रोक लगाने हेतु आदेश जारी किया गया है। जिसके तहत संबंधित सड़क निर्माण विभाग उनसे संबंधित सड़कों पर निरंतर एवं प्रभावी पेट्रोलिंग करायेंगे। यदि किसी सड़क पर सड़क दुर्घटना के फलस्वरूप पशु मृत पाये जाते हैं तो उनके तत्काल निस्तारण की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे, साथ ही घायल पशुओं के ईलाज हेतु उपसंचालक, पशुपालन एवं डेयरी विकास विभाग सिंगरौली से संपर्क कर तत्काल चिकित्सीय व्यवस्था उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करेंगे।

पशुपालक गौवंश/ मवेशियों को अपने घर में बांध कर रखें इस आशय की मुनादी स्थानीय नगर परिषद, नगर पालिका एवं ग्राम पंचायतों द्वारा राष्ट्रीय राजमार्गों, राजकीय राजमार्गों एवं ग्राम की मुख्य सड़क मार्गाँ पर स्थित ग्रामों में कराई जाना आवश्यक होगा। संबंधित क्षेत्र के ग्राम पंचायत नगरीय निकाय, पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 एवं मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1956 के तहत कार्यवाही करना सुनिश्चित करेंगे तथा यह गौवंश एवं मवेशियों को सड़क मार्गों पर स्वच्छंद विचरण करने से रोकने हेतु आवश्यकतानुसार कर्मचारियों को पाबंद करेंगे। पशुपालक बीमार, रोगग्रस्त, विकलांग गौवंश, मवेशियों को किसी मार्ग अथवा सड़क पर नहीं छोड़ेगा।

# सरस्वती शिशु मंदिर परसौना में सर्वपल्ली डॉ.राधाकृष्णन जयंती धूमधाम से मनाई गई



**सिंगरौली।** देश प्रथम उपराष्ट्रपति एवं द्वितीय राष्ट्रपति सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन की जयंती सरस्वती शिशु मंदिर परसौना में धूम धाम से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां वीणा वादिनी एवं पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्णन के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। तत्पश्चात विद्यालय के संयोजक कमलेश बैस ने डॉ.राधाकृष्णन के जीवन पर प्रकाश डालते हुए देश के विकास उनके द्वारा दिए गए योगदान को सबके समक्ष विस्तार से बताया। तथा देश व समाज के विकास में शिक्षक की भूमिका महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम में विद्यालय एवं छात्रों की ओर से समस्त आचार्य का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अनिल गुप्ता भीम, विद्यालय के प्रधानाचार्य अनूप पाण्डेय, आचार्य स्वामीनाथ गुप्ता, दिवाकर विश्वकर्मा, अर्चना पाण्डेय, कविता विश्वकर्मा एवं ज्योति पाण्डेय सहित विद्यालय के सभी भैया/बहिन उपस्थित रहे।

# गणेश पूजा के मद्देनजर मोरवा थाना समेत गोरबी चौकी में शांति समिति की बैठक संपन्न

## पुलिस अधिकारियों ने पूजा समितियों को पंडालों की जानकारी देने को कहा, लाउडस्पीकर पर रहेगा प्रतिबंध



**सिंगरौली।** शनिवार से शुरू हो रही गणेश पूजा को लेकर मोरवा थाने समेत गोरबी चौकी में शांति समिति की बैठक आहूत हुई। सिंगरौली पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता के निर्देशन पर मोरवा में जहां एसडीओपी कृष्ण कुमार पाण्डेय ने शांति समिति की बैठक ली जहां नगर निरीक्षक कपूर त्रिपाठी भी मौजूद रहे। वहीं गोरबी चौकी में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन पर उपनिरीक्षक भिपेंद्र पाठक द्वारा ली गई। बैठक में विभिन्न समुदायों के लोगों, जनप्रतिनिधियों एवं व्यापारियों ने हिस्सा लिया। इस बैठक में सामाजिक बातों पर चर्चा के साथ त्यौहारों में यातायात व्यस्वस्था बनाये रखने एवं उचित स्थान पर पंडाल लगाने और पंडालों में दुर्घटना रोकने हेतु रेत व पानी के साथ उचित बिजली व्यवस्था रखने का आग्रह समितियों से किया गया। साथ ही गणेश पूजा के अवसर पर पूजा स्थलों में मौजूद रहने वाले समितियों के वॉलेंटियर्स का नाम एवं नंबर थाने में दर्ज कराने बात कही गई साथ ही रात को पंडालों में वोलेंटियर्स को रहने के निर्देश दिए गए। त्यौहारों को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने हेतु किसी भी असामाजिक व्यक्ति की सूचना तत्काल थाने में देने के लिए कहा गया। इसके साथ ही बैठक में उपस्थित लोगों से धार्मिक आस्थाओं में लीन होकर त्योहारों को मनाने की अपील की गई।

# नेशनल अंडर 15 महिला फुटबॉल टूर्नामेंट में सिंगरौली की दो बालिकाओं का हुआ चयन



**सिंगरौली।** मध्य प्रदेश फुटबॉल संघ के सचिव अमित रंजन देव के निर्देश पर 22 अगस्त से 5 सितंबर तक नेशनल कैप का आयोजन का कासा बड़वानी में किया गया था जिसमें 35 बालिकाओं का चयन एवं प्रशिक्षण मध्य प्रदेश के द्वारा नेशनल कैंप किया गया है मध्य प्रदेश फुटबॉल संघ कोच आशीष पिल्लई एव शाहरुख कुरेशी के द्वारा कैंप का आयोजन कराया गया था। अंडर 15 बालिका की टीम नीमच के लिए रवाना होगी नेशनल मैच का आयोजन 7 सितंबर से 17 सितंबर तक नीमच में आयोजित की जाएगी। मध्य प्रदेश के चयन समिति के द्वारा मध्य प्रदेश के 22 बालिकाओ का नेशनल मैच के लिए चयन किया गया है।ख्याति कुशवाहा के पिता उमेश कुशवाहा के द्वारा खेलने का फुल सपोर्ट किया गया था ख्याति कुशवाहा डीएवी पब्लिक स्कूल दुधिचुआ की स्टूडेंट है एव अंतिम पनिका शासकीय कन्या स्कूल बैढ़न की स्टूडेंट है।मध्य प्रदेश फुटबॉल संघ के सचिन अमित रंजन देव मध्य प्रदेश संघ के सह सचिव एवं जिला फुटबाल संघ सिंगरौली के अध्यक्ष आरपी पटेल जिला सचिव लवकुश तिवारी उपाध्यक्ष असगर अली उपाध्यक्ष शैलेश सिंह उपाध्यक्ष विवेक सिंह उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह उपाध्यक्ष अफसर हुसैन सह सचिव संजय गौतम जिला सदस्य राजा एक्का जिला सदस्य हरेंद्र सिंह सिंगरौली गर्ल्स टीम के कोच शालू खान एवं जिला फुटबाल संघ सिंगरौली के सभी पदाधिकारी ने बालिकाओं को बहुत-बहुत बधाई शुभकामनाएं दी है।

# अदाणी फाउंडेशन के सौजन्य से मुकुंदपुर चिड़ियाघर में अब पर्यटक करेंगे विदेशी पक्षियों का दीदार



**सिंगरौली।** रीवा संभाग स्थित मैहर जिले के मुकुंदपुर चिड़ियाघर में आयोजित पक्षीशाला (बर्ड एवियरी) के उद्घाटन कार्यक्रम में अदाणी फाउंडेशन ने चार प्रजातियों की विदेशी पक्षियों को उपहार स्वरूप प्रदान किया। इन पक्षियों में ब्लू गोल्ड मैकॉ, हैन्स मैकॉ, ग्रैंड एक्लेक्टस एवं अफ्रीकन ग्रे तोता शामिल है। इस विशेष अवसर पर मध्य प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल के अलावा कई विशिष्ट अतिथि भी उपस्थित रहे, जिनमें सतना के सांसद गणेश सिंह, रीवा के सांसद जनार्दन मिश्रा, सीसीएफ रीवा डिवीजन एके राय और अन्य प्रशासनिक एवं विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

# संस्कार वैली इंटरनेशनल स्कूल में मनाया गया शिक्षक दिवस



**सिंगरौली।** संस्कार वैली इंटरनेशनल स्कूल में शिक्षक दिवस के उपलक्ष में इंटरनेशनल संस्था लायंस क्लब ऑड़ वैढ़न सिटी व् स्कूल के संयुक्त तत्वाधान में शिक्षक दिवस व् शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे छात्र ,शिक्षक व् क्लब के सभी सदस्य उपस्थित रहे। विद्यालय में इस दौरान सबसे पहले देश के पहले उप राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के फोटो पर माल्यार्पण कर व पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया । इस दौरान छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए डायरेक्टर सुरेंद्र कुमार सोनी ने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आजाद भारत के पहले उपराष्ट्रपति और दूसरे राष्ट्रपति के तौर पर डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन का नाम भारतीय इतिहास में स्वर्ण अक्षरों से लिखा गया है। वे दर्शनशास्त्र का भी बहुत ज्ञान रखते थे, उन्होंने भारतीय दर्शनशास्त्र में पश्चिमी सोच की शुरुवात की थी। राधाकृष्णन प्रसिद्ध शिक्षक भी थे, यही वजह है, उनकी याद में हर वर्ष 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। वे पश्चिमी सभ्यता से अलग, हिंदुत्व को देश में फैलाना चाहते थे। उनका मानना था कि शिक्षकों का दिमाग देश में सबसे अच्छा होना चाहिये, क्यूंकि देश को बनाने में उन्हीं का सबसे बड़ा योगदान होता है। उसके बाद सभी छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। उसके बाद लायंस क्लब ऑड़ वैढ़न सिटी ने व् बच्चों ने शिक्षकों को उपहार देकर सम्मानित किया। साथ ही लायंस क्लब ऑ? वैढ़न सिटी के अध्यक्ष लायन विकाश गोयंका , एमजेएफ लायन यस डी सिंह, एमजेएफ लायन डीके मिश्रा व् डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी लायन सजन अग्रवाल ने क्रमश: शिक्षक दिवस पर प्रकाश डालते हुए सभी शिक्षकों को शिक्षक शिवस की शुभकमना देते हुए कहा की सभी शिक्षक देश के नन्हे बच्चो के भविष्य निर्माता है और आज की डिजिटल और आधुनिक शिक्षा के साथ हमारी भारतीय संस्कृति, संस्कार व् विरासत को इन बच्चो को सिखाये जिससे ये अपने उज्जवल भविष्य के साथ परिवार, समाज और देश की प्रगति की प्रगति करे और अच्छे नागरिक बन सके। विद्यालय के बच्चो ने सभी अतिथियों का स्वागत बहुत ही धूम धाम से किया। अपने उद्बोधन में अतिथियों ने कहा हम गुरुकुल परंपरा के वाशी है और आज आधुनिक शिक्षा के साथ संस्कृति और संस्कार देने वाले संस्कार वैली जैसी विद्यालयों की आवस्यकता है। शिक्षा ही ऐसा माध्यम है जिससे मानव समुचित विकाश कर सकता है । इस मौके पर सभी ने अपने गुरुओ को याद और नमन किया, जिनके कारण आज सभी अपने जीवन में सफल और खुश है साथ में सभी ने बच्चो के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का सफल सञ्चालन एचओडी प्रियंका श्रीवास्तव ने किया।

अंत में प्रिंसिपल आशा सोनी ने लायंस क्लब ऑड़ वैढ़न सिटी के सभी सदस्यों का इस तरह के बेहतरीन शिक्षक दिवस व् शिक्षक सम्मान समारोह कार्यक्रम के आयोजन के लिए ह्रदय से आभार किया और हमेशा मार्गदर्शन व् सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यॉंत्रिकीय विभाग खण्ड सीधी(म0प्र0)

सम्राट चौराहा के पास, ई-मेल eephedsid@nic.in फोन नम्बर 07822-292508

निविदा सूचना कमांक 02/नि.प्र./व.ले.लि./का0य0/लो0स्वा0यां0वि0/24-25 सीधी दिनांक 02.09.2024

निम्न कार्यो हेतु निविदा का आनलाईन बेबसाइड http//mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। आनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 16.09.2024 सायं 5:30 बजे तथा निविदा खुलने की तिथि 18.09.2024 को 11:00 बजे है। निविदा में संशोधन की स्थिति उपरोक्त बेबसाईट पर देखी जा सकती है।

Name of work- **Supply of H.P. Spare Parts (Non LUN Item) At P.H.E. Division Sidhi (M.P.)**

| Tender ID | Name of work | Distt | PAC(Rs.in Lakh) | E-EMD in Rs | Cost of Tender | NO.Of Calls |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2024_PHED_367331_1 | Supply of H.P. Spare Parts (Non LUN Item) At P.H.E. Division Sidhi (M.P.) | Sidhi | 8.96 | 17920 | 2000 | IInd Call |
| 2024_PHED_367332_1 | Supply of H.P. Spare Parts (Non LUN Item) At P.H.E. Division Sidhi (M.P.) | Sidhi | 3.86 | 7720 | 2000 | IInd Call |

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग
खण्ड सीधी ( म.प्र. )

जी-15733/24

# भारत को महाशक्ति बनाने के लिए बने भाजपा का सदस्य : देव कुमार

## भाजपा ने सदस्यता अभियान पर आयोजित की पत्रकार वार्ता




**सीधी।** भारतीय जनता पार्टी के संगठन प्रभाव पर्व के अंतर्गत सदस्यता अभियान का पर्व हर्ष उल्लास के साथ पूरे प्रदेश के साथ-साथ जिले में भी मनाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत पार्टी कार्यकर्ता और पदाधिकारी जनता के बीच जाकर 88 0000 2024 पर मिस्ड कॉल कराकर भाजपा के प्राथमिक सदस्य बना रहे हैं। उक्त आशय के विचार भाजपा द्वारा आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने कहीं। पत्रकार वार्ता में प्रमुख रूप से जिले के सदस्यता प्रभारी जिला उपाध्यक्ष अनिल पांडे, प्रमोद द्विवेदी, अमलेश्वर चतुर्वेदी, सुरेश सिंह चौहान, जिला महामंत्री विनोद साकेत उपस्थित रहे। भाजपा जिला अध्यक्ष श्री चौहान ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के संगठन पर्व सदस्यता अभियान- 2024 अंतर्गत जिले में ढाई लाख से अधिक नए सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। मध्यप्रदेश में डेढ़ करोड़ व देशभर में 10 करोड़ नए सदस्य बनाए जाएंगे। भाजपा की सदस्यता मिस्ड कॉल नंबर 8800002024, क्यूआर कोड, रेफरल कोड, चैटबॉथ, नमो एप व पार्टी की वेबसाइट के माध्यम से ली जा सकेगी। श्री चौहान ने कहा कि 100 सदस्य बनाने पर सक्रिय सदस्य बनने की पात्रता मिलेगी। सांसद, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष, नप अध्यक्ष, नपाध्यक्ष सहित अन्य जनप्रतिनिधियों व पार्टी पदाधिकारियों के लिए अलग से लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। भाजपा का सदस्यता अभियान छह वर्ष में एक बार चलाया जाता है। श्री चौहान ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2 सितंबर को नई दिल्ली में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के हाथों पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर देशभर में संगठन पर्व का शुभारंभ किया है। प्रधानमंत्रीजी के सदस्य बनने के साथ देशभर में संगठन पर्व का शुभारंभ हो गया है। इसी कड़ी में मध्यप्रदेश में 3 सितंबर को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने प्रदेश भाजपा कार्यालय में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं म प्र मंत्रीमंडल के सदस्यों को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराकर प्रदेश में संगठन पर्व का शुभारंभ किया। आज प्रदेश में भाजपा के सभी 60 संगठनात्मक जिलों में पत्रकारवार्ता रख पार्टी कार्यकर्ता, पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को सदस्यता दिलाकर अभियान का शुभारंभ किया गया है। इस संगठन पर्व का मुख्य उद्देश्य देश में 10 करोड़ से अधिक लोगों को भारतीय जनता पार्टी का सदस्य बनाना है। यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा घर-घर पहुंचकर सदस्यता अभियान को साकार करेगी। भाजपा की विचारधारा ही इस माटी की उपज थी। भाजपा एक जीवंत पार्टी है और एक जीवंत पार्टी ही लोगों को पुनः यह निर्णय करने का मौका देती है कि आप राष्ट्र निर्माण में मोदीजी के नेतृत्व में पार्टी के साथ जुड़िये। भारत की किसी अन्य राजनीतिक पार्टी में इस तरह की लोकतांत्रिक प्रक्रिया नहीं है।

पत्रकार वार्ता का संचालन जिला मीडिया प्रभारी सुरेंद्र मणि दुबे और आभार प्रदर्शन सह जिला मीडिया प्रभारी डा मनीला सिंह चौहान ने किया। इस अवसर पर जिला कार्य समिति सदस्य संदीप सिंह गहिरवार, मंडल अध्यक्ष मुनिराज विश्वकर्मा, सोशल मीडिया जिला संयोजक जितेंद्र तिवारी सहित प्रिंट, इलेक्ट्रानिक और वेब मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### वरिष्ठ पार्टी नेताओं को भाजपा की दिलाई सदस्यता

पत्रकारवार्ता में भाजपा जिलाध्यक्ष देव कुमार सिंह ने कहा सदस्यता अभियान कर्मकांड नहीं है। हमारे लिए सदस्यता यानी, अपने परिवार का विस्तार है। हमारे परिवार में अगर किसी का जन्म होता है तो जितनी खुशी होती है। हमारे परिवार में शादी कर करके कोई बहु आती है तो परिवार के विस्तार का जो आनंद होता है, वो आनंद बीजेपी में जो कोई नया सदस्य बनता है, परिवार के विस्तार का आनंद होता है। यह सदस्यता अभियान आंकड़ों का खेल नहीं, कितने नंबर हम पार कर जाएंगे, ये नहीं है। ये सदस्यता अभियान एक पूर्ण रूप से वैचारिक आंदोलन भी है और भावनात्मक आंदोलन भी है। सदस्यता ये सिर्फ पार्टी का नंबर बढ़ाने के लिए नहीं, मेरी सदस्या मेरे देश को मजबूत बनाने के लिए भी है और इसलिए मैं उन गांवों को किला बना के छोड़ूंगा। भाजपा के कार्यकर्ता का काम है कि उसे भारतीय जनता पार्टी में हमारा मेंबर बनाकर के साथी बना करके उसे, हम कहां से कहां देश को ले गए हैं, ये आत्मविश्वास से भरने की जरूरत है। 18 से 25 साल का नौजवान है। उसे हमने इस विचार से जोड़ना है, नेशन फर्स्ट के लिए जीने के लिए जोड़ना है। इसके पश्चात भाजपा जिला अध्यक्ष श्री चौहान ने वरिष्ठ पार्टी नेताओं को भाजपा की सदस्यता दिलाई।

# शिक्षक की गरिमा से पूरा समाज प्रकाशित : कमलेश्वर

## बहरी में शिक्षक सम्मान समारोह सम्पन्न

**सीधी।** शिक्षक की गरिमा से ही पूरा समाज प्रकाशित है, शिक्षा ही व्यक्ति को मनुष्य बनाती है। सृष्टि में प्रकृति की सर्वोत्तम कृति है मनुष्य है,मानव जब चरित्रवान और संस्कारवान होता है तभी शिक्षा सार्थक होती है। उक्त विचार पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल ने सिहावल विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बहरी में आज भारत के पूर्व राष्ट्रपति, भारत रत्न,प्रख्यात शिक्षाविद व दार्शनिक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिन शिक्षक दिवस के रूप में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में कहीं। श्री पटेल ने कहा कि प्रदेश में हजारों शालाएं शिक्षक विहीन है, इस कारण शिक्षा का स्तर गिरता जा रहा है। इसके लिए प्रदेश सरकार दोषी है। सरकार षडयंत्र पूर्वक कार्य करके गरीबों के बच्चों को शिक्षा नहीं देना चाहती है, शासन ने प्रदेश की 36 हजार शालाओं को बंद कर दिया है। श्री पटेल ने शासन से मांग की है कि शिक्षक दिवस को मनाना प्रदेश में जब सार्थक होगा जब शिक्षकों की लंबित मांगों के साथ सेवानिवृत्ति के समय शिक्षकों को पेंशन एवं संपूर्ण ग्रेच्युटी का लाभ दिया जाए। शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षकों की सेवानिवृत्ति की पेंशन एवं ग्रेच्युटी के लिए कार्यालय में भारी भ्रष्टाचार हो रहा है , शासकीय शालाओं में शिक्षकों को अतिशेष पोर्टल पर दर्शाकर उन्हें परेशान करने के साथ भ्रष्टाचार के नए-नए तरीके अपनाए जा रहे हैं जो कि सर्वथा अनुचित है। उन्होने कहा कि शासकीय शालाओं में मध्यान



भोजन, शाला मेंटेनेंस ग्रांट एवं अन्य कल्याणकारी योजनाएं योजनाओं की राशि पिछले अनेक माह से लंबित है जिसे शीघ्र प्रदान किया जाना चाहिए। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी सुग्रीव ग्रामीण सद्भावना समिति,सुपेला द्वारा शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें क्षेत्र के करीब सैकड़ों शिक्षक सम्मिलित हुए । इन सभी को पुष्प माला,शाल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त जिला शिक्षा अधिकारी द्वय सुरेश त्रिपाठी, रणमत सिंह, अध्यक्ष,जिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली (ग्रामीण) ज्ञानेंद्र द्विवेदी,समाजसेवी अंबिकेश पांडे, परमजीत पांडे , अवध लाल सिंह, पुष्पराज सिंह,अध्यक्ष जनपद पंचायत कुसमी,श्रीमती श्यामवती सिंह, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सरोज द्विवेदी, शारदा सिंह गुड्डू, रमेश पटेल, बुद्धिमान जायसवाल, शिवनाथ नामदेव, रमापति साकेत, सोनू मिश्रा, संत बहादुर सिंह, भगवान दीक्षित,जनपद सदस्य संपूर्ण सिंह, सुगनी कोल,सरपंच अनुज साहू अनेक सेवानिवृत्त शिक्षक-शिक्षिकाएं सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थिति थे।

### सीएमराइज में शिक्षक दिवस आयोजित

सीएमराइज शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीधी में शिक्षक दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। सभी बच्चों ने उत्साह पूर्वक पहले अपने अपने कक्षा में सभी शिक्षकों आमंत्रित कर केक काटकर शिक्षक दिवस मनाया गया। बाल कैबिनेट की अध्यक्ष सादिया बानो के नेतृत्व में सभी कक्षा मॉनीटर मिलकर हाल में विस्तृत कार्यक्रम उत्साह पूर्वक मनाया गया। सभी शिक्षकों का तिलक लगाकर पुष्प गुच्छ अर्पित कर गीत, भाषण एवं शिक्षको की एक्टिंग कर के कार्यक्रम आयोजित किया गया। कुशल मंच संचालन कक्षा 12ए की छात्रा भावना विश्वकर्मा के द्वारा किया गया।

### गणेश स्कूल में विद्यार्थी बने एक दिन के प्राचार्य व शिक्षक

स्थानीय श्री गणेश सीनियर सेकेंडरी स्कूल, पड़रा में गुरूवार को शिक्षक दिवस समारोह बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राधाकृष्णन व माँ सरस्वती की चित्र पर मुख्य अतिथि रहे श्री गणेश शिक्षा समिति के अध्यक्ष एम.पी. शर्मा, प्राचार्य डॉ. महेंद्र कुमार तिवारी एवं एच.एम. माएमा सिमन्स ने दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चान कर किया।

# राजस्व महाअभियान में प्रकरणों का किया गया निराकरण

**सीधी।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्देशानुसार राजस्व विभाग म.प्र.शासन के निर्देशन में 16 जुलाई से 31 अगस्त 2024 तक राजस्व महा अभियान 2.0 का आयोजन किया गया। इस अभियान में राजस्व प्रकरणों विशेषत: नामांतरण, बटवारा एवं अभिलेख दुरुस्तगी का निराकरण, नक्शा तरमीम और समग्र से आधार और खसरों की लिंकिंग का कार्य शामिल था। सीधी जिले में भी कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के मार्गदर्शन में अभियान पूर्ण किया गया। अभियान के दौरान 01 जुलाई 2024 के पूर्व पंजीकृत प्रकरणों में शत प्रतिशत नामांतरण, बटवारा एवं अभिलेख दुरुस्ती के प्रकरणों का निराकरण किया गया। जिले में अभियान के दौरान 1 जुलाई 2024 के पूर्व पंजीकृत प्रकरणों में 1476 नामांतरण, 791 बटवारा एवं 471 अभिलेख दुरुस्तगी के प्रकरणों का अभियान चलाकर निराकरण किया गया। अभियान में 28369 नक्शों में तरमीम और 93600 ई.के.वे सी. की गयी। इसके अतिरिक्त 1 जुलाई 2024 के बाद पंजीकृत 4766 नए प्रकरणों का भी निराकरण किया गया। अभियान को सफल बनाने के लिए कलेक्टर श्री सोमवंशी तथा अपर कलेक्टर राजेश शाही द्वारा नियमित समीक्षा बैठकों का आयोजन कर राजस्व अधिकारीयों एवं कर्मचारियों को कार्य में आने वाली समस्याओं का निराकरण कर अभियान में लक्षित कार्यों को पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा राजस्व अधिकारियों को अभियान को सफल बनाने हेतु बधाई और शुभकामनायें दी गयी हैं।

### कलेक्ट्रेट परिसर 100 मीटर की परिधि प्रतिबंधात्मक क्षेत्र घोषित

**सीधी।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी स्वरोचिष सोमवंशी ने आदेश जारी कर कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर सीधी के 100 मीटर परिधि के क्षेत्र को प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित किया है। कोई भी व्यक्ति प्रतिबंधित क्षेत्र के अन्तर्गत किसी भी प्रकार का धरना, प्रदर्शन, जुलूस, आन्दोलन, घेराव, नारेबाजी, मसाल का प्रदर्शन तथा सोशल ऐप्स जैसे फेसबुक, इन्स्टाग्राम, ट्वीटर, वाट्सएप आदि का उपयोग कर आपत्तिजनक मैसेज, चित्र या चलचित्र का शेयर या फारवार्डिंग नहीं करेगा।

# मड़वास पुलिस ने किया स्थाई वारंटी गिरफ्तार

**सीधी।** पुलिस अधीक्षक डॉ. रविन्द्र वर्मा के कुशल निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कुसमी सुश्री रोशनी सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी मझौली उनि दीपक के नेतृत्व में चौकी प्रभारी मड़वास उनि केदार परौहा द्वारा एक गुमशुदा को दस्तयाब कर परिजनो के सुपुर्द किया जाकर दो वर्ष से फरार स्थाई वारंटी को भी किया गिरफ्तार। 5 सितम्बर को प्रकरण क्रमांक 23/2022 धारा



294,323,506 ताहि. एवं 3 (2) (अं), 3(1) द.ध. एससी एस्टी एक्ट के आरोपी वारंटी राजा केवट पिता बैजनाथ केवट उम्र 48 साल सा. शंकरपुर चौकी मड़वास थाना मझौली जिला सीधी (म.प्र.) जो काफी समय से फरार चल रहा जिसे गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय विशेष न्यायाधीश महोदय एससी/एसटी एक्ट जिला सीधी की न्यायालय में पेश किया गया। गुम इन्सान क्रमांक 035/24 के फरियादी चौकी उपस्थित आकर रिपोर्ट किया कि 10 अगस्त 24 को मेरी सबसे छोटी लड़की घर से बिना बताये कही चली गई है जिसकी पता तलाश आस पडोस नाते रिस्तेदारी में जगह किया पर कही नही मिली। फरियादी की रिपोर्ट पर चौकी मड़वास थाना मझौली में गुम इन्सान कायम कर जांच पता तलाश में लिया गया दौरान जांच पता तलाश 4 सितम्बर को गुमसुदा को दस्तयाव कर उसके परिजनो को सुपुर्दगी में दिया गया है उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही मे चौकी प्रभारी मड़वास उनि. केदार परौहा, सउनि. संतोष साकेत, सउनि. प्रआर. लोकेन्द्र सिह, खतकराज सिह, रामचन्द्र दीवान, आर. चन्द्रकुमार बैगा का अहम योगदान रहा ।

# उत्खनि पट्टाधारियों को कारण बताओ नोटिस

**सीधी।** खनिज अधिकारी ने जानकारी देकर बताया है कि सीधी जिले में उत्खनिपट्टाधारियों द्वारा म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 26, 30, 42 का उल्लंघन किये जाने के फलस्वरूप पट्टेदारों को कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। उन्होने बताया कि लवकेश सिंह पिता अनियार सिंह निवासी ग्राम देवरी तहसील मझौली, भानू प्रताप पाण्डेय पिता इन्द्रदत्त पाण्डेय निवासी ग्राम हनुमानगढ़ तहसील रामपुर नैकिन, मे. ए.के.एस. मिनरल्स एण्ड मार्बल निवासी आजाद वार्ड मण्डला जिला मण्डला, मे0 के.बी.एस. रॉक निवासी वीर सावरकर नगर इन्दौर जिला इन्दौर, नारायणदास द्विवेदी पिता ठाकुर प्रसाद द्विवेदी निवासी ग्राम फुलवारी तहसील बहरी, नागेन्द्र सिंह चौहान पिता इन्द्रदेव सिंह निवासी ग्राम बढौना तहसील चुरहट, में0 मैथिली कस्ट्रक्शन एण्ड डेवलपर्स प्रो0 चन्द्रिका प्रसाद द्विवेदी निवासी ग्राम विजयपुर तहसील सिहावल, विकास शुक्ला पिता राजेन्द्र प्रसाद शुक्ला निवासी ग्राम अर्जुन नगर सीधी एवं विनोद सिंह पिता इन्द्रबहादुर सिंह निवासी ग्राम हाटा तहसील हनुमना जिला मऊगंज को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है।

# अनुशासन व धैर्य सफलता के लिए आवश्यक : एडीएम राजेश शाही



**सीधी।** शिक्षक दिवस के अवसर पर जनपद पंचायत सीधी के सभागार में सिविल सर्विसेज की नि:शुल्क कोचिंग के छात्र-छात्राओं को शिक्षक के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अपर कलेक्टर श्री राजेश शाही ने कहा कि सफलता के लिए अनुशासन और धैर्य रखना अति आवश्यक है। सफलता प्राप्त करने के लिए अधिक सुविधाओं का होना आवश्यक नहीं है। उपलब्ध संसाधनों का बेहतर प्रयोग करके भी सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने कहा कि मन में उठने वाले प्रश्नों को दबाना नहीं चाहिए। विपरीत परिस्थितियों में भी निरंतर उत्साह से सीखना चाहिए। एसडीएम निलेश कुमार शर्मा ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि तैयारी के दौरान अल्पकालीन और दीर्घकालिक लक्ष्य बनाना चाहिए और अध्ययन के दौरान ग्रुप डिस्कशन भी करना चाहिए। सफलता प्राप्त करने का कोई शॉर्टकट नहीं होता है। तैयारी व्यवस्थित तरीके से सिलेबस और प्रीवियस पेपर को पढ़कर करना चाहिए। साथ ही निरंतर टेस्ट सीरीज लगाना चाहिए। जिला पंजीयक अभिषेक सिंह बघेल ने कहा कि असफलताओं से घबराना नहीं चाहिए। उनसे निरंतर सीखने का प्रयास करना चाहिए।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशन व मार्गदर्शन में जिला प्रशासन व आदर्श परिवार एवं आधुनिक नालंदा के डायरेक्टर परीक्षित भारती के सहयोग से निरूशुल्क कोचिंग क्लासेस निरंतर संचालित हो रही हैं।


कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यॉंत्रिकीय विभाग खण्ड सीधी(म0प्र0)
सम्राट चौराहा के पास, ई-मेल eephedsid@nic.in फोन नम्बर 07822-292508

निविदा सूचना कमांक 03 से 05/नि.प्र./व.ले.लि./का0य0/लो0स्वा0यां0वि0/24-25 सीधी दिनांक 03.09.2024

निम्न कार्यो हेतु निविदा का आनलाईन बेबसाइड http//mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। आनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 18.09.2024 सायं 5:30 बजे तथा निविदा खुलने की तिथि 20.09.2024 को 11:00 बजे है। निविदा में संशोधन की स्थिति उपरोक्त बेबसाईट पर देखी जा सकती है।

Name of work- Repairing, Maintenance & Renovation of Division Office and AE PHE Churhat and AE PHE Sidhi Amiliya District-Sidhi(M.P.)

| NiT No | Tender ID | Name of work | Distt | PAC(Rs.in Lakh) | E-EMD in Rs | Cost of Tender | NO.Of Calls |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 03/2024-25 | 367333_1 | Repairing, Maintenance & Renovation of Division Office Building at PHE Office District-Sidhi(M.P.) | Sidhi | 4.19 | 8380.00 | 2000 | First Call |
| 04/2024-25 | 367334_1 | Repairing, Maintenance & Renovation of Sub Division Office Churhat District-Sidhi(M.P.) | Sidhi | 4.18 | 8360.00 | 2000 | First Call |
| 05/2024-25 | 367335_1 | Repairing, Maintenance & Renovation of store campus Amiliya Sub Division Office Sidhi | Sidhi | 4.16 | 8320.00 | 2000 | First Call |
| | | | Total | 12.53 | 25060 | 6000 | |

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग
खण्ड सीधी ( म.प्र. )

जी-15790/24



कार्यालय कार्यपालन यंत्री,
म.प्र. लोक निर्माण विभाग, (भ./स.) सीधी संभाग सीधी
Website – www.mppwd.gov.in/pwdmp, email – eepwdsidhi@mp.nic.in

नि सू क्र. 04 / 2024–25

सीधी, दिनांक 30.08.2024

निविदा आमंत्रण सूचना

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्न कार्यो हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा समस्त संसोधनों सहित के आधार पर, प्रपत्र – 'अ' में निविदाकारों, जो केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली के तहत लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत हों, से आमंत्रित की जाती है : –

| ग्रुप क्र. | टेंडर आई0डी0 | कार्य का नाम | ठेके की अनुमानित राशि (रु लाख में) | 1. अमानत राशि 2. नि. प्रपत्र का मूल्य | 1. निविदा आमंत्रण क्रमांक 2. कार्यावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2024_PWDRB_366795 | उपसंभाग सीधी मुख्या. सीधी प्रथम अन्तर्गत शासकीय आवासीय भवनों में रंगाई पोताई का कार्य। लो0नि0वि0, भवन एस.ओ.आर. 01.01.2024 | 13.75 | 1. 27500 2. 2000 | 1. प्रथम आमंत्रण 2 07 माह वर्षाकाल सहित |
| 2 | 2024_PWDRB_366797 | उपसंभाग सीधी मुख्या. सीधी द्वितीय अन्तर्गत शासकीय आवासीय भवनों में रंगाई पोताई का कार्य। लो0नि0वि0, भवन एस.ओ.आर. 01.01.2024 | 15.50 | 1. 31000 2. 2000 | 1. प्रथम आमंत्रण 2 07 माह वर्षाकाल सहित |
| 3 | 2024_PWDRB_366798 | उपसंभाग सीधी के उपखण्ड कुबरी एवं सिहावल अन्तर्गत शासकीय गैर आवासीय एवं आवासीय भवनों का वार्षिक मरम्मत कार्य। लो0नि0वि0, भवन एस.ओ.आर. 01.01.2024 | 8.02 | 1. 16040 2. 2000 | 1. प्रथम आमंत्रण 2 07 माह वर्षाकाल सहित |
| 4 | 2024_PWDRB_366799 | उपसंभाग मझौली के उपखण्ड मझौली अन्तर्गत शासकीय आवासीय भवनों का वार्षिक मरम्मत कार्य। लो0नि0वि0, भवन एस.ओ.आर. 01.01.2024 | 11.52 | 1. 23040 2. 2000 | 1. प्रथम आमंत्रण 2 07 माह वर्षाकाल सहित |
| 5 | 2024_PWDRB_366800 | उपसंभाग मझौली के उपखण्ड मझौली अन्तर्गत शासकीय गैर आवासीय भवनों (लो.नि.वि. रेस्ट हाउस, उपसंभागीय कार्यालय, उपसंभाग एवं उपखण्ड स्टोर एवं न्यायालय भवन) का वार्षिक मरम्मत (एम.ओ.डब्लू.) कार्य। लो0नि0वि0, भवन एस.ओ.आर. 01.01.2024 | 7.86 | 1. 15720 2. 2000 | 1. प्रथम आमंत्रण 2 07 माह वर्षाकाल सहित |
| 6 | 2024_PWDRB_366802 | उपसंभाग मझौली के उपखण्ड कुसमी अन्तर्गत शासकीय आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का वार्षिक मरम्मत कार्य। लो0नि0वि0, भवन एस.ओ.आर. 01.01.2024 | 11.68 | 1. 23360 2. 2000 | 1. प्रथम आमंत्रण 2 07 माह वर्षाकाल सहित |
| 7 | 2024_PWDRB_366803 | उपसंभाग सीधी के सिविल लाइन सीधी अन्तर्गत शासकीय आवासीय भवन 225 ख का विशेष मरम्मत कार्य। लो0नि0वि0, भवन एस.ओ.आर. 01.01.2024 | 3.32 | 1. 6640 2. 2000 | 1. प्रथम आमंत्रण 2 03 माह वर्षाकाल सहित |
| 8 | 2024_PWDRB_366804 | उपसंभाग सीधी अन्तर्गत शासकीय बंगला क्र. एफ 48 (माननीय विधायक बंगला) का विशेष मरम्मत कार्य। लो0नि0वि0, भवन एस.ओ.आर. 01.01.2024 | 4.24 | 1. 8480 2. 2000 | 1. द्वितीय आमंत्रण 2 03 माह वर्षाकाल सहित |
| 9 | 2024_PWDRB_366806 | उपसंभाग सीधी के सिविल लाइन सीधी अन्तर्गत विशेष न्यायाधीश बंगला ई/एफ टाइप का विशेष मरम्मत कार्य। लो0नि0वि0, भवन एस.ओ.आर. 01.01.2024 | 4.18 | 1. 8360 2. 2000 | 1. द्वितीय आमंत्रण 2 03 माह वर्षाकाल सहित |
| | | योग :- | 80.07 | | |

1. ऑन लाइन पोर्टल http://mptenders.gov.in के माध्यम से निविदा प्रपत्र क्रय करने, डाउनलोड एवं निविदा डालने का समय एवं दिनांक 05.09.2024 सुबह 10.30 से 17.09.2024 शाम 5.30 तक है।
2. अमानत राशि, केन्द्रीयकृत पी.डब्लू.डी. पंजीयन, शपथ पत्र, जी.एस.टी.एन. एवं अन्य अभिलेख (लिफाफा–अ), सिर्फ ऑनलाइन अपलोड किये जा सकते है।
3. निविदा से संबंधित सशोधन, समय परिवर्तन आदि की सूचना केवल बेवसाइट के माध्यम से दी जावेगी।
4. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

( एम.के. परते )
कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि., संभाग सीधी ( म.प्र. )

जी-15786/24

## संपादकीय

### राजधानी में जघन्य अपराध करने वालों की सोच

राजधानी दिल्ली में बीते कुछ दिनों में बहुत सामान्य बात पर पीट-पीट कर हत्या कर देने की दो घटनाओं ने एक बार फिर यही साबित किया है कि कुछ लोगों के भीतर बातचीत से किसी मसले का हल निकालने का विवेक नहीं बचा है और हिंसा ही उन्हें आखिरी उपाय नजर आता है। दिल्ली के शाहदरा इलाके में गुरुवार को पैसे की लेनदेन को लेकर एक मिस्त्री को बुरी तरह पीट कर मार डाला गया। इससे एक दिन पहले रजौरी गार्डन इलाके में एक ढाबे के मालिकों और उसके कर्मचारियों ने एक ग्राहक की पीट-पीट कर हत्या कर दी। इस तरह के मामले भी अक्सर सुर्खियों में आते हैं, जिनमें सड़क पर वाहन से हल्की टक्कर या फिर आगे निकलने की कोशिश में दो पक्षों में विवाद उभर जाता और उसके बाद मारपीट में किसी की जान चली जाती है। सवाल है कि बहुत सामान्य बातों पर ऐसे जघन्य अपराध तक कर डालने से पहले लोग एक पल के लिए इसके नतीजों के बारे में क्यों नहीं सोच पाते हैं। उनका विवेक काम करना क्यों बंद कर देता है? समय के साथ आधुनिक और सभ्य होते समाज में उम्मीद यही की जाती है कि लोग आपसी व्यवहारों को लेकर संयत और विवेकवान होंगे। मगर यह समझना मुश्किल है कि लोगों के भीतर ऐसी असहिष्णुता और हिंसा कहां से और क्यों पैदा हो रही है कि वे बेहद मामूली बातों पर किसी की इस हद तक पिटाई करते हैं कि उसकी जान चली जाए। जिस तरह की बातों को बातचीत से सुलझा लेना चाहिए, उस पर हिंसक टकराव हो जाता है। आवेश में आकर एक सामान्य नागरिक कुछ ही देर में अपराधी बन जाता है। हालांकि उसके बाद होने वाली कानूनी कार्रवाई में जब हत्या के आरोपियों को अपने अपराध और होने वाली सजा का अंदाजा होता है, तब शायद उन्हें यह अहसास होता होगा कि कुछ पल के लिए अगर उन्होंने शांति से मामले से निपटने की कोशिश की होती, तो न किसी की जान जाती, न उन्हें सजा का सामना करना पड़ता।

# अरिघाट क्यों है भारत के लिए ब्रह्मास्त्र, जानिए वजह

(रंजीत कुमार)

परमाणु मिसाइलों से लैस दूसरी स्वदेशी परमाणु पनडुब्बी अरिघाट के भारतीय नौसेना में पिछले हफ्ते शामिल हो जाने के बाद भारत को वह ब्रह्मास्त्र मिल गया है, जिसे शायद ही कभी चलाने की जरूरत पड़े। समुद्र की तलहटी में महीनों चुपचाप विचरण करने की क्षमता वाली परमाणु पनडुब्बी के रूप में इसकी मौजूदगी यह सुनिश्चित करेगी कि भारत पर कोई भी देश परमाणु हमला न कर पाए।

### बढ़ेगा दबदबा

परमाणु पनडुब्बियों के विकास में मिली इस असाधारण कामयाबी से विश्व सामरिक जगत में भारत का दबदबा बढ़ेगा। आठ साल पहले 2016 में भारतीय नौसेना में परमाणु बिजली से चालित पहली पनडुब्बी आईएनएस अरिहंत को शामिल किया गया था। आईएनएस अरिघाट, अरिहंत से अधिक क्षमतावान है। इसमें साढ़े तीन हजार किलोमीटर तक मार करने वाली चार परमाणु बैलिस्टिक मिसाइलें (के-4) लोड की जा सकती हैं।

### परमाणु हमले का जवाब

युद्ध की स्थिति में यह पनडुब्बी दुश्मन के समुद्र तट के काफी करीब छुपकर बैठ सकती है और दुश्मन के अहम ठिकानों पर वार कर सकती है। ऐसा हमला करने का निर्देश अरिघाट के कमांडर को तब मिलेगा, जब भारत पर परमाणु हमला हुआ हो और भारतीय सेनाएं अपनी जमीन आधारित अग्नि बैलिस्टिक मिसाइल या फिर राफेल या सुखोई-30 विमानों से दुश्मन पर परमाणु बम गिराने की स्थिति में न हों।

### न्यूक्लियर ट्रायड

परमाणु पनडुब्बी हासिल कर भारत ने परमाणु त्रिकोण यानी न्यूक्लियर ट्रायड की क्षमता को और मजबूत किया है। इसकी मौजूदगी मात्र से दुश्मन देश भारत पर परमाणु हमला तो क्या पूर्ण स्तर का पारंपरिक युद्ध छेड़ने से भी हिचकेंगे। दूसरे शब्दों में हम कह सकते हैं कि परमाणु पनडुब्बियां अपनी ताकत की बदौलत शांति बनाए रखने के काम आएंगी।

### जवाबी हमले की स्वतंत्रता

भारत ने दुश्मन में खौफ पैदा करने के लिए वैसे तो अग्नि बैलिस्टिक मिसाइलें तैनात की हैं और वायुसेना के लड़ाकू विमानों को भी परमाणु बम गिराने के लिए तैयार रखा है, लेकिन समुद्र आधारित परमाणु मिसाइलों की जरूरत इसलिए थी कि देश सेकंड स्ट्राइक यानी जवाबी हमला करने की स्थिति में हमेशा बना रहे। मई, 1998 में दूसरी बार परमाणु परीक्षण करने के बाद भारत ने




दुनिया को आश्वस्त किया था कि वह किसी भी देश पर पहले परमाणु हमला नहीं करेगा। लेकिन यह भी स्पष्ट कर दिया गया था कि यदि किसी ने उस पर परमाणु हमला किया तो वह दुश्मन पर महाविनाशकारी हमला करने को स्वतंत्र होगा।

### चुनिंदा देशों का क्लब

अरिघाट हासिल करने के बाद भारत उन चुनिंदा देशों- अमेरिका, फ्रांस, रूस, चीन- के क्लब में शामिल हो गया है, जो परमाणु त्रिकोण की ताकत रखते हैं। शायद यह भी एक वजह है कि पूर्वी लद्दाख की सीमाओं पर 50 हजार से अधिक सैनिकों की पिछले चार वर्षों से तैनाती जारी रहने के बावजूद चीन के साथ खुला युद्ध शुरू नहीं हुआ है क्योंकि इसकी अंतिम परिणति परमाणु मिसाइलों के इस्तेमाल के रूप में हो सकती है।

### छोटा पर कारगर

अमेरिका की करीब 70 और चीन की करीब एक दर्जन परमाणु पनडुब्बी क्षमता के मद्देनजर भारत ने भी परमाणु पनडुब्बियों के संचालन की न्यूनतम क्षमता हासिल करने का लक्ष्य रखा है। इसके तहत भारतीय नौसेना को करीब छह महीने बाद तीसरी परमाणु पनडुब्बी अरिदमन मिलेगी। चौथी परमाणु पनडुब्बी का निर्माण भी चल रहा है। तुलनात्मक रूप में भारत का परमाणु पनडुब्बी बेड़ा काफी छोटा होगा, लेकिन दुश्मनों से निपटने के लिए फिलहाल इसे काफी माना जा रहा है।

### रूस से मिला सहयोग

परमाणु पनडुब्बी बनाने में भारत को अमेरिका या किसी पश्चिमी देश से सहयोग नहीं मिल सकता था, लेकिन इसके संचालन में रूस से अहम तकनीकी मदद मिली है। अरिहंत और अरिघाट के विकास में रूसी इंजिनियरों का काफी सहयोग मिला है। रूस अपनी दो परमाणु पनडुब्बियां भी भारत को लीज पर दे चुका है। 1989 में उसने पहली बार चार्ली वर्ग की पनडुब्बी दी थी, जिसका नाम चक्र-1 रखा गया था। इसका लीज समाप्त होने के बाद अकुला वर्ग की दूसरी परमाणु पनडुब्बी दस साल के लीज पर दी। अब रूस से दस साल के लीज पर एक और परमाणु पनडुब्बी लेने की बात चल रही है।

### डीजल चलित पनडुब्बी की जरूरत


भारत को डीजल चालित पनडुब्बी के बेड़े का तेजी से विस्तार करने की जरूरत है क्योंकि भारत के पारंपरिक पनडुब्बी बेड़े में फिलहाल 16 डीजल पनडुब्बियां ही हैं। फ्रांसीसी स्कॉरपीन वर्ग की अब तक मिली पांच पनडुब्बियों (छठी और अंतिम का निर्माण मुंबई में चल रहा है) के अलावा सभी पनडुब्बियां रिटायर होने की उम्र में हैं। इसलिए भारत को जल्द ही अपना पारंपरिक डीजल पनडुब्बी बेड़ा बढ़ाने का फैसला करना होगा।

### बढ़ाना होगा बेड़ा

सदी की शुरुआत में भारत ने तय किया था कि नौसेना के पास 2030 तक न्यूनतम 24 पनडुब्बियां होनी चाहिए। लेकिन नई डीजल पनडुब्बियां शामिल करने का कोई फैसला नहीं लिया गया है और पुरानी 12 डीजल पनडुब्बियां अगले कुछ सालों के भीतर रिटायर करनी होंगी। परमाणु पनडुब्बी अरिघाट के शामिल होने से कुछ राहत मिलेगी लेकिन हिंद महासागर की समुचित चौकसी के लिए पनडुब्बी बेड़ा बढ़ाने की जरूरत इसलिए है कि भारत के समुद्री इलाके में चीनी नौसेना की हलचल पिछले कुछ सालों से काफी बढ़ गई है। (लेखक सामरिक मामलों के जानकार हैं)

# काल बनने लगे आवारा पशु और आदमखोर भेड़िए

(रमेश ठाकुर, स्वतंत्र पत्रकार)



भेड़िए का मानव रक्त पीना पहेली जैसा है। वनों के आसपास के गांवों में भेड़ियों के हमले की छिटपुट घटनाएं पूर्व में भी कई बार सुनने में आईं, पर भेड़िए इतने खतरनाक और खूनी होते हैं, यह पहली बार लोगों ने जाना। उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले के बाशिंदे पिछले कुछ समय से आदमखोर भेड़ियों के चलते दहशत में हैं। करीब चार भेड़िए काफी मशक्कत के बाद पकड़े गए हैं। हालांकि, प्रशासन की ओर से कहा गया है कि सभी आदमखोर भेड़ियों को पकड़ लिया गया है, पर 30 अगस्त को तड़के एक भेड़िया फिर ग्रामीणों को दिखा। उसके बाद स्थानीय लोगों ने हंगामा काटना शुरू किया, तो मजबूरन प्रशासन को 'ऑपरेशन भेड़िया' फिर से तेज करना पड़ा है।

बहराइच के करीब 30-35 गांवों में पिछले करीब दो महीने से इंसानी खून के प्यासे कुछ भेड़ियों ने ऐसा आतंक मचाया है कि लोग अपने घरों में दुबकने को मजबूर हैं। सरकारी दावे के मुताबिक, आठ बच्चों समेत नौ लोग अब तक इन भेड़ियों के शिकार बन चुके हैं, जबकि तीन दर्जन से अधिक ग्रामीणों के उनके हमलों में घायल होने की सूचना है। इन ग्रामीण इलाकों के लोग पूरी-पूरी रात जागकर बिता रहे हैं, क्योंकि भेड़ियों के हमले अलग-अलग इलाकों में दर्ज किए गए हैं।

यह सचमुच चिंता की बात है। इन घटनाओं ने एक बार फिर हमारी प्राथमिकताओं की ओर ध्यान खींचा है। एक तरफ तो हम अंतरिक्ष अध्ययन के क्षेत्र में दुनिया के दिग्गज देशों को अपनी वैज्ञानिक प्रगति से पछाड़ रहे हैं, तो वहीं दूसरी ओर 40-42 किलो वजन के चंद हिंसक भेड़िए हमारी पकड़ में नहीं आ पा रहे। गौर कीजिए, इन आदमखोर भेड़ियों को काबू में करने के लिए गुजरात और मध्य प्रदेश से विशेषज्ञ बुलाए गए थे। उनकी दर्जन भर टीमों ने इन हिंसक जीवों को पकड़ने के लिए खूब खाक छानी। कहा जाता है कि भेड़िए कभी भी अकेले नहीं चलते, उन्हें झुंड में रहना या झुंड में शिकार करना पसंद है। फिर भी उनकी धर-पकड़ मुश्किल बनी हुई है। इन पर निर्णायक नियंत्रण के लिए अब शासन स्तर से थाइलैंड के विशेषज्ञों से संपर्क साधा गया है।

भारत में हिंसक जंगली जीवों के हमले का लंबा-चौड़ा इतिहास रहा है। हिन्दुस्तान के अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग जानवर आतंक मचाते रहे हैं। जैसे, छत्तीसगढ़ में हाथियों के हमले में 2019 से 2023 के बीच 499 लोग मारे जा चुके हैं। तराई के इलाकों में आदमखोर शेरों ने पिछले चार वर्षों में 540 लोगों को अपना शिकार बनाया है। झारखंड में बागड़बिल्लों, असम में बाघों का आतंक हमेशा से रहता है। पहाड़ी इलाकों में खुराफाती बंदरों और मैदानी इलाकों में आवारा पशुओं के चलते भी सैकड़ों लोग हर साल अपनी जान गंवाते हैं। बीते तीन वर्षों में समूचे हिन्दुस्तान में जंगली जानवरों के हमलों और आवारा पशुओं के चलते करीब 4,800 लोगों की जान चली गई। यह आंकड़ा साल-दर-साल घटता-बढ़ता रहा है।

कुछ जंगली जानवरों के हमले के कारण होने वाले नुकसान की भरपायी के लिए राज्यों की हुकूमतों ने मुआवजा देने का प्रावधान किया है। उदाहरण के तौर पर, उत्तर प्रदेश के तराई क्षेत्र में, यानी नेपाल से सटे इलाकों में शेरों के बढ़ते आक्रमण के बाद राज्य सरकार ने चार से पांच लाख रुपये बतौर मुआवजा देना आरंभ किया है, लेकिन कोई भी मुआवजा इंसानी जान का विकल्प नहीं हो सकता। इसलिए सरकार को इस समस्या के निदान के लिए कोई कारगर विधि अपनानी होगी।

घटनाएं चूंकि अब गंभीर रूप लेने लगी हैं और इनके कारण लोगों का दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है, इसलिए विज्ञान व आधुनिक तकनीक की मदद से इस पहेली को सुलझाने की जरूरत है। यह अध्ययन का विषय है कि आखिर ये भेड़िए इतने हिंसक क्यों हुए? क्या पर्यावरण में हो रहे बदलाव की वजह से भी इन जीवों का व्यवहार बदल रहा है? जाहिर है, जानवरों की बदलती प्रकृति के प्रति हमें संवेदनशील होना पड़ेगा। हमें इस सवाल का भी जवाब तलाशना होगा कि इनसे निपटने के क्रम में इनको मारने का पारिस्थितिकी तंत्र पर क्या असर पड़ेगा? आवारा कुत्तों के आदमखोर बनने या पालतू कुत्तों के अचानक आक्रामक हो जाने की घटनाएं भी बढ़ने लगी हैं। इसलिए जानवरों की वजह से बढ़ते भय को कम करने के प्रयास अब जरूरी हो चले हैं।(ये लेखक के अपने विचार हैं)

## वर्ग पहेली 5483

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | | 6 |
| 7 | | | ■ | 8 | | ■ | |
| | ■ | 9 | 10 | | ■ | 11 | |
| 12 | 13 | ■ | | ■ | 14 | ■ | ■ |
| 15 | | ■ | 16 | | | 17 | ■ |
| 18 | | 19 | | ■ | 20 | | |
| | ■ | | ■ | ■ | 21 | | 22 |
| ■ | ■ | 23 | | | | ■ | |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 1995 को इस देश की क्रिकेट टीम ने वेस्टइंडीज को हराकर शारजहां कप (फाइनल ट्रॉफी) अपने नाम किया (3)
4. 1930 में भारत में उच्च न्यायाल की इस प्रथम महिला न्यायाधीश ने जन्म लिया था (4)
7. अमानत में खयानत, प्रेमचंद की एक प्रसिद्ध कृति (3)
8. क्षण, लम्हा (2)
9. झुकना, प्रणाम करना (3)
11. बटा हुआ महीन रेशम, पहनावा, वेष-विन्यास (2)
12. अहित कामना सूचक शब्द (2)
15. निकटस्थ वस्तु का निदेशक सर्वनाम (2)
16. देवों का शत्रु होने के कारण असुर को यह भी कहा जाता है (4)
18. अशांवतार, धर्मपुत्र (4)
20. मित्र, दोस्त, सखा (2)
21. प्रदर्शित करना, बताना (3)
23. पुराणानुसार सात लोकों में से छठे लोक का नाम जहां असुर राज करते है (4)

**ऊपर से नीचे**

1. किसी शुभ कार्य का आरंभ (7)
2. आधार से समकोण बनाती हुई ऊपर जाने वाली रेखा (2)
3. जंगल, अरण्य, वन (3)
4. लेप करना (3)
5. इंद्रधनुष के रंगों में से एक, मंगल ग्रह इस रंग का बताया गया है (2)
6. छलपूर्वक किसी का माल, असबाब आदि हर लेना (3)
10. देवों के देव होने के कारण भगवान शंकर का एक नाम (4)
13. तीन घंटे का समय, याम (3)
14. मुक्त हस्त, उदारमन, दिलदरियाव (5)
17. पूर्वज, सयाना और वृद्ध व्यक्ति (3)
19. पति का छोटा भाई यह कहलाता है, धर्मेंद्र, शर्मिला टैगोर की 1966 की एक सफल फिल्म (3)
22. संबंध से, हेतु, वास्ते (2)

### वर्ग पहेली 5482 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | रू | अं | ग | द | ■ | दां | ते |
| ल | ट | क | न | ■ | स | त | ह |
| आ | ■ | ■ | पा | व | न | ■ | रा |
| र | श्क | ■ | व | ह | म | ■ | न |
| ■ | ■ | रो | ड | ■ | ■ | विं | ■ |
| ■ | उ | ज | र | त | ■ | दू | आ |
| आ | ■ | गा | ■ | मी | ■ | ■ | खि |
| ह | स | र | त | ज | य | पु | री |

# संदेह से सफलता तक

(प्रणव प्रियदर्शी)

आज की तारीख में श्रद्धा नाईक मल्टीनेशनल सॉफ्टवेयर कंपनी एसएपी में एचआर बिजनेस पार्टनर हेड हैं, अपनी फील्ड की एक सम्मानित नाम मानी जाती हैं। लेकिन करियर की शुरुआत में यही



श्रद्धा तरह-तरह के सवालों और संदेहों से भरी नजर आती थीं। खुद उन्हीं के शब्दों में, वह अपनी लीडरशिप स्किल को लेकर आश्वस्त नहीं थीं। खासकर अपनी उम्र और जेंडर के चलते वह महसूस करती थीं कि उनमें ऐसी क्षमता नहीं है। उनकी यात्रा इस लिहाज से खास है कि समय के साथ उन्होंने पहले अपनी नजरों में अपनी उन धारणाओं को गलत साबित किया, उसके बाद अपने आसपास के लोगों की नजरों में स्किल सेट की धाक जमाई और फिर वह दिन भी आया जब उनकी कामयाबी की चमक अपनी कहानी खुद कहने लगी।

मगर एचआर के क्षेत्र में उनका काम अपने आप में एक मिसाल बन पाया, तो इसके पीछे उनका विशिष्ट नजरिया है जिसके केंद्र में है कर्मचारी और उसकी सोच से कनेक्ट की अहमियत। ऑथर और इंस्पिरेशनल स्पीकर साइमन सिनेक की यह बात उन्हें रुच गई कि 'अगर आप लोगों को सिर्फ इसलिए हायर करते हैं कि वे कोई काम कर सकते हैं, तो वे सिर्फ आपके पैसों के लिए काम करेंगे लेकिन अगर आप उन लोगों को हायर करते हैं जो सोच और यकीन में आप जैसे हैं तो वे काम में अपना खून, पसीना और आंसू सब कुछ लगा देंगे।' यह बात श्रद्धा की सोच में घुल-मिलकर उनकी पॉलिसी और व्यवहार का अहम हिस्सा बन गई। इसी के जरिए श्रद्धा उस रास्ते पर आगे बढ़ीं जो उन्हें ॥क्रके संभावित कायापलट की ओर ले गया। उनका कहना है कि हर व्यक्ति, हर प्रफेशनल को प्रोत्साहित, संरक्षित और सशक्तीकृत होने का अधिकार है और यह काम किसी कंपनी का ॥क्रही कर सकता है। यह उसकी जिम्मेदारी है। इसे संभव बनाते हुए ही श्रद्धा नाईक करियर के इस ऊंचे मुकाम तक पहुंच पाई हैं। हालांकि इसका श्रेय वह अपने मेंटॉर्स को देना नहीं भूलतीं लेकिन यह कहने में भी नहीं हिचकतीं कि समस्याओं से जूझने, परिवर्तन को स्वीकारने और चुनौतियों से टकराने का जज्बा कामयाबी की अनिवार्य शर्त है। ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

# आज का राशिफल

### मेष

आज करियर में लाभ का दिन है और कारोबार के मामले में आपके हाथ में सफलता लगने के योग हैं। साथ ही आपका मुनाफा भी दोगुना होगा। आपकी दुकान या कार्यालय में भी टीमवर्क के जरिए ही आप किसी समस्या का हल निकालने में सफल होंगे।

### वृषभ

आज आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे। चंद्रमा की शुभ दृष्टि से आपको लाभ होगा और आपके धन में वृद्धि होने से आपका मन काफी प्रसन्न होगा। पूजापाठ के लिए आवश्यक सामान की खरीदारी में शाम तक का समय व्यतीत होगा।

### मिथुन

आ अचानक से रुका पैसा मिलने से आपके अटके कार्य बन जाएंगे। व्यापार के भागीदारों और पत्नी पक्ष के लोगों से आपको हर प्रकार का सपॉर्ट प्राप्त होगा और आपके कारोबार में अच्छा मुनाफा होगा।

### कर्क

आज लाभ का दिन है और आपके लिए उत्तम संपत्ति की प्राप्ति के योग बने हैं। आपको काफी समय के बाद बहुत दिनों से रुके धन की प्राप्ति होगी और आपके संबंधों में स्थायित्व आएगा। आपको रुका धन मिलने से कई अटके कार्य पूर्ण होंगे।

### सिंह

आज दिन हर मामले में सफता से भरा होगा। आपको कारोबार में लाभ के योग हैं और मुनाफा काफी जबर्दस्त होगा। आपको ऑफिस में कुछ नई जिम्मेदारियां मिन सकती हैं। रचनात्मक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। पुत्र अथवा पुत्री के विवाह के बारे में चर्चा हो सकती है।

### कन्या

आज लाभ होगा और आपके धन में वृद्धि होने से आपका मन काफी प्रसन्न होगा। आपके आसपास का माहौल काफी खुशनुमा रहेगा और आर्थिक मामलों में लाभ होने मन काफी प्रसन्न होगा। ऑफिस में अचानक से कोई नया परिवर्तन आपको आश्चर्य में डाल सकता है।

### तुला

आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपके धन में वृद्धि होने से मन काफी प्रसन्न होगा। आपको कारोबार में अचानक से लाभ मिल सकता है। योजनाएं सफल होंगी और पैसा कमाने के अच्छे मौके आपको मिलेंगे।

### वृश्चिक

आज बिजनस के सिलसिले में किसी की सलाह लेने की आवश्यकता पड़ सकती है और आपको किसी मामले में काफी खर्च करना पड़ सकता है। दिन के दूसरे भाग में महिला मित्रों के साथ समय व्यतीत होगा।

### धनु

आज दिन मिलाजुला रहेगा। आज आपके उधार पूरे हो सकते हैं। कार्यक्षेत्र में भी आपके सुझावों का स्वागत होगा। आपको कुछ घरेलू सामान की खरीद करनी पड़ सकती है। अपनी जेब का खास ख्याल रखें। शाम का वक्त घर वालों के साथ बिताएंगे तो आपको अच्छा महसूस होगा।

### मकर

आज लाभ का दिन है और आपको किसी काम से शहर से बाहर यात्रा पर जाना पड़ सकता है। कोई पुराना मित्र या रिश्तेदार अचानक आपके सामने आकर खड़ा हो सकता है। यदि कोई आपसे उधार मांगे तो भूलकर भी न दें वरना आपको पैसा वापस नहीं मिलेगा।

### कुंभ

आज करियर के मामले में लाभ होगा और राजनीति के क्षेत्र में सफलता प्राप्त होगी। राजनीति में भाग लेने का योग बन रहा है। प्रतिस्पर्धा के मामले में आपको सम्मान प्राप्त होगा और कार्ययोजनाएं सफल होने से आपका मन काफी प्रसन्न होगा। दिन का उत्तरार्ध भी शुभव्यय कीर्ति की वृद्धि कारक है।

### मीन

आज भाग्यशाली है और आपकी संपत्ति में वृद्धि होगी। आपको हर तरफ से मान सम्मान मिलेगा। आपको रिश्तेदारों की ओर से कोई शुभ समाचार मिलेगा और धन सम्मान में वृद्धि होने से मन काफी प्रसन्न होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### टिकट कटते ही विधायक से लेकर पूर्व मंत्री तक का भाजपा से इस्तीफा



**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी के अंदर बगावत के सुर तेज हो गए हैं। आगामी विधानसभा चुनावों के लिए टिकट वितरण के बाद पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं ने नाराजगी जाहिर करते हुए इस्तीफा दे दिया है। टिकट कटने से न केवल मौजूदा विधायकों बल्कि कुछ पूर्व मंत्रियों ने भी पार्टी से किनारा कर लिया है। हरियाणा बीजेपी ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मंत्री कर्णदेव कंबोज ने बीजेपी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया। कंबोज इंद्री विधानसभा से टिकट कटने से नाराज थे। उन्होंने पार्टी पर अनदेखी का आरोप लगाकर सभी पदों से इस्तीफा दिया है। कंबोज ने कहा अगला फैसला मेरे समर्थक जो करेंगे उस पर रहूंगा। दादरी किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष विकास उर्फ भल्ले, रतिया से बीजेपी विधायक लक्ष्मण नापा, सोनीपत से बीजेपी युवा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं विधानसभा चुनाव प्रभारी अमित जैन, बीजेपी नेता शमशेर गिल, हरियाणा बीजेपी किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सुखविंदर मांडी, हिसार से बीजेपी नेता दर्शन गिरी महाराज, बीजेपी की वरिष्ठ नेत्री सीमा गैबीपुर ने बीजेपी से दिया इस्तीफा। आपको बता दे की भाजपा ने आगामी हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए 67 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी की। सीएम नायब सिंह सैनी लाडवा से, ज्ञान चंद गुप्ता पंचकुला से, अनिल विज अंबाला कैंट से, कंवर पाल गुर्जर जगाधरी से, सुनीता दुग्गल रतिया से, भव्या बिश्नोई आदमपुर से, तेजपाल तंवर सोहना से चुनाव लड़ेंगे।

### तेलंगाना में पुलिस के साथ गोलीबारी में छह माओवादी ढेर

**भद्राद्री कोठागुडेम, एजेंसी।** पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना जिले के वन क्षेत्र में हुई। उन्होंने कहा कि मामले में आगे की जांच जारी है। गोलीबारी में माओवादी संगठन के छह कैडरों को मार गिराया गया। तेलंगाना के भद्राद्री कोठागुडेम जिले में बृहस्पतिवार को पुलिस और प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के सदस्यों के बीच गोलीबारी में माओवादी संगठन के छह कैडरों को मार गिराया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना जिले के वन क्षेत्र में हुई। उन्होंने कहा कि मामले में आगे की जांच जारी है। गोलीबारी में माओवादी संगठन के छह कैडरों को मार गिराया गया।

### एक बार फिर छलका कोलकाता रेप पीड़िता के बेबस माता-पिता का दर्द




**कोलकाता, एजेंसी।** आरजी कर अस्पताल में महिला डॉक्टर के साथ हुए बलात्कार और हत्या को लेकर डॉक्टरों का विरोध प्रदर्शन लगातार जारी है। बुधवार रात मृतक डॉक्टर के माता-पिता भी डॉक्टरों के साथ प्रदर्शन में शामिल हो गए। वे न्याय की मांग करते हुए मोमबत्तियाँ जलाकर रवींद्रनाथ ठाकुर का प्रसिद्ध गीत अग्नि सुर गाया। पीड़िता की मां ने कहा कि जैसे मेरी नींद हराम हो गई है, मैं चाहती हूं कि सभी दोषियों की नींद भी हराम हो जाए। बता दें पीड़िता के माता-पिता आखिरी बार 9 अगस्त को आरजी कर अस्पताल गए थे। वहां सात घंटे इंतजार करने के बाद उन्होंने अपनी बेटी के शव को श्मशान घाट भेजा था। बुधवार को, यह विरोध प्रदर्शन सुप्रीम कोर्ट में मामले की सुनवाई से एक दिन पहले किया गया था। हालांकि, गुरुवार को होने वाली सुनवाई को बाद में स्थगित कर दिया गया। बुधवार की रात लगभग 10:18 बजे पीड़िता के माता-पिता, उनके चाचा, चाची और दो भाई विरोध कर रहे डॉक्टरों से मिलने गए। उन्होंने कहा कि डॉक्टर उनके परिवार की तरह हैं, जो इस दु:ख की घड़ी में उनके साथ खड़े हैं। अंतिम संस्कार पर परिवार वालों ने उठाए सवाल पिता ने आरोप लगाया कि वे 9 अगस्त को दोपहर 12:10 बजे अस्पताल पहुंचे थे और शाम 7 बजे वहां से निकले। वे अपनी बेटी के शव को सुरक्षित रखना चाहते थे, लेकिन उसका अंतिम संस्कार जल्दी कर दिया गया। उन्होंने सवाल किया कि इतनी जल्दी क्यों की गई? जब वे श्मशान घाट पहुंचे, तो पाया कि अंतिम संस्कार का भुगतान पहले ही किया जा चुका था। मृतका की मौसी ने भी इसी तरह के आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि बच्ची के माता-पिता को जबरन प्रिंसिपल के कमरे में ले जाकर इंतजार कराया गया। जब वे श्मशान घाट पहुंचे, तो वहां 300-400 पुलिसकर्मी तैनात थे। परिवार पूरी तरह टूट चुका था और उस स्थिति में उन्हें पैसे की पेशकश की जा रही थी। उन्होंने पूछा कि अंतिम संस्कार में इतनी जल्दी क्यों की गई? मृतका के एक भाई ने परिवार के दर्द को बताते हुए कहा कि इस साल उन्होंने राखी नहीं मनाई। वे चाहते हैं कि सभी दोषियों को सजा मिले, जब तक ऐसा नहीं होता, वे लड़ते रहेंगे।

# मेडिकल कॉलेज के 800 एलपीएम ऑक्सीजन प्लांट को बंद करने की तैयारी

**हमीरपुर , एजेंसी।** डॉ. राधाकृष्णन मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल हमीरपुर में संचालित 800 एलपीएम ऑक्सीजन प्लांट (पीएसए) को जल्द ही बंद किया जा सकता है। इस प्लांट के ऑडिट के लिए बनाई गई विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम इसे बंद करवाने बारे प्रपोजल उच्चाधिकारियों को भेज रही है। बताया जा रहा है कि इस प्लांट से 2 मेडिकल वार्डों मेल और एक फीमेल वार्ड समेत गायनी वार्ड में ऑक्सीजन सप्लाई की जाती है। इन 3 वार्डों में करीब 75 बिस्तर इस सप्लाई से कनैक्टड हैं परंतु मौजूदा समय में इनमें ऑक्सीजन की कंजप्शन कम है और इस प्लांट पर लागत बहुत ज्यादा है।



**हर महीने देना पड़ रहा 4 लाख रुपए का बिजली बिल :** सूत्रों के मुताबिक इस अकेले प्लांट से हर महीने करीब 4 लाख रुपए का बिजली बिल कॉलेज प्रशासन की देनदारी बन जाता है। इस कारण कॉलेज प्रशासन पर इसका अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। अब कॉलेज प्रशासन द्वारा अपना और सरकार का खर्चा कम करने के लिए ऑक्सीजन सिलैंडर के जरिए इन वार्डों में ऑक्सीजन मुहैया करवाई जाएगी, जिस पर प्रशासन का खर्चा काफी कम आएगा। यह भी सामने आया है कि प्लांट से बहुत मात्रा में ऑक्सीजन जैनरेट होती है और इतनी ऑक्सीजन की जरूरत नहीं पड़ती, परंतु खर्चा ज्यादा आता है। हालांकि कॉलेज में ऐसे 3 प्लांट स्थापित किए गए हैं, परंतु इनमें सबसे बड़ा प्लांट 800 एलपीएम का है, 2 प्लांट सुचारू रूप से चलते रहेंगे।

**कोविड काल के दौरान स्थापित किए गए थे प्लांट :** बता दें कि कोविड काल के दौरान ऑक्सीजन की कमी के चलते इन प्लांटों को स्थापित किया गया था। उस समय जिले का सबसे बड़ा चिकित्सा संस्थान होने के चलते अधिकांश मरीजों को यहां भर्ती किया जाता था और इन प्लांटों का बेहद महत्व था, परंतु अब वार्डों में ऑक्सीजन की जरूरत काफी कम लोगों को पड़ती है, इसलिए प्रशासन इस तरह का फैसला ले रहा है। कालेज के पास अपने करीब 1 हजार ऑक्सीजन सिलैंडर उपलब्ध हैं, उन्हें रिफिल करवाकर जरूरतमंद लोगों को ऑक्सीजन मुहैया करवाई जाएगी।

**प्लांट को बंद किए जाने पर चल रहा विचार : एमएस :** इस बारे मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक डॉ. अजय शर्मा ने बताया कि कॉलेज में चल रहे 3 प्लांटों से 1 प्लांट 800 एलएमपी पीएसए को बंद किए जाने पर विचार चल रहा है। इसकी प्रपोजल वरिष्ठ अधिकारियों को भेजी जा रही है। इस पर खर्चा बहुत आ रहा है और जितनी ऑक्सीजन सप्लाई हो रही है, मरीजों के हिसाब से उसकी जरूरत नहीं है। उन्होंने बताया कि हमारे पास ऑक्सीजन सिलैंडर बहुत ज्यादा हैं, उनके माध्यम से जरूरतमंद लोगों को ऑक्सीजन मुहैया करवाई जाएगी।

### चश्मा हटाने वाले पहले आईड्रॉप को सरकार से मिली मंजूरी

**नई दिल्ली , एजेंसी।** अब महज आईड्रॉप के जरिए दृष्टि में सुधार लाया जा सकता है। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने पहली बार एक ऐसे आईड्रॉप को बाजार में बिक्री की मंजूरी दी है जिसे प्रेसबायोपिया से पीड़ित रोगियों को बिना चश्मे के पढ़ने के लिए बनाया है। डॉक्टरों के अनुसार, प्रेसबायोपिया एक सामान्य आयु संबंधित दृष्टि स्थिति है जो आम तौर पर 40 वर्ष की आयु के बाद व्यक्तियों को प्रभावित करती है। मरीज के क्रिस्टलीय लेंस की प्राकृतिक उम्र बढ़ने से उसे आसपास की वस्तुओं पर ध्यान केंद्रित करने में परेशानी होती है। ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (डीसीजीआई) ने एनटॉड फार्मास्यूटिकल्स को प्रेसवू आई ड्रॉप्स की मंजूरी दी है। मंगलवार को दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में कंपनी ने बयान दिया है कि यह फॉर्मूला न केवल पढ़ने वाले चश्मे से छुटकारा दिलाता है बल्कि मरीज को एक अतिरिक्त लाभ देता है जैसे कि यह आंखों को नमी देने में भी मदद करता है। मानसून के दिनों में कंजंक्टिवाइटिस जिसे पिंक आइज भी कहा जाता है, इसका जोखिम अधिक देखा जाता रहा है। इसका मुख्य कारण वायरस या बैक्टीरिया के कारण होने वाला संक्रमण है। कुछ लोगों में एलर्जी के कारण भी कंजंक्टिवाइटिस की दिक्कत हो सकती है।

### भाजपा सरकार का बड़ा फैसला: पुलिस विभाग में महिलाओं के लिए 33प्रतिशत आरक्षण को दी मंजूरी



**जयपुर, एजेंसी।** भाजपा सरकार ने बुधवार को पुलिस विभाग में महिलाओं के लिए एक बड़ा ऐलान किया। राजस्थान की भाजपा सरकार ने बुधवार को राज्य पुलिस अधीनस्थ सेवा नियम, 1989 में संशोधन करते हुए पुलिस बल में महिलाओं के लिए 33प्रतिशत आरक्षण को मंजूरी दे दी है। यह कदम भाजपा के... नेशनल डेस्कः भाजपा सरकार ने कल बुधवार को पुलिस विभाग में महिलाओं के लिए एक बड़ा ऐलान किया। राजस्थान की भाजपा सरकार ने बुधवार को राज्य पुलिस अधीनस्थ सेवा नियम, 1989 में संशोधन करते हुए पुलिस बल में महिलाओं के लिए 33प्रतिशत आरक्षण को मंजूरी दे दी है। यह कदम भाजपा के 2023 विधानसभा चुनाव के घोषणापत्र में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाने के वादे को पूरा करने की दिशा में उठाया गया है। इस महत्वपूर्ण निर्णय की घोषणा राज्य मंत्रिमंडल की बैठक के बाद की गई, जिसकी अध्यक्षता मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने की। उपमुख्यमंत्री प्रेम चंद बैरवा और संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने बैठक के बाद बताया कि इस फैसले से पुलिस बल में महिलाओं से जुड़े मामलों में अधिक संवेदनशीलता आएगी और महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। इसके अलावा, बैठक में 2021 की सब-इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा में पेपर लीक मामले पर भी चर्चा की गई। इस पेपर लीक मामले में अब तक 42 ट्रेनी सब-इंस्पेक्टर और राजस्थान लोक सेवा आयोग के दो पूर्व सदस्यों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पटेल ने कहा कि इस मामले में योग्य उम्मीदवारों का चयन हुआ है, इसलिए फिलहाल परीक्षा को रद्द नहीं करने का निर्णय लिया गया है। विपक्षी कांग्रेस की ओर से आरपीएससी के पुनर्गठन की मांग पर पटेल ने कहा कि आरपीएससी एक संवैधानिक निकाय है।

### खाद्यान्न परिवहन टेंडर घोटाले में पूर्व कांग्रेस मंत्री भारत भूषण आशु के करीबी सहयोगी गिरफ्तार

**चंडीगढ़, एजेंसी।** गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पंजाब के खन्ना में छापेमारी के बाद खाद्यान्न परिवहन टेंडर घोटाले में कथित संबंध के लिए पंजाब में पूर्व कांग्रेस मंत्री भारत भूषण आशु के करीबी सहयोगी राजदीप सिंह को गिरफ्तार किया। आरोपी पेशे से कमीशन एजेंट है और कई राजनेताओं का करीबी बताया जाता है। ईडी ने 1 अगस्त को टेंडर घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पंजाब के पूर्व मंत्री और कांग्रेस नेता भारत भूषण आशु को गिरफ्तार किया था। संघीय एजेंसी के क्षेत्रीय कार्यालय में पूछताछ के बाद आशु (53) को हिरासत में लिया गया। ईडी ने अगस्त 2023 में आशु, लुधियाना इंप्रूवमेंट ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष रमन बालासुब्रमण्यम और कुछ अन्य के परिसरों पर छापेमारी की थी। धन शोधन की जांच पंजाब सतर्कता ब्यूरो की प्राथमिकी से शुरू हुई है, जो राज्य सरकार की 2021 की परिवहन और श्रम ढुलाई नीति से संबंधित है और फर्जी व्यक्तियों को भूखंड आवंटित करने के संबंध में लुधियाना इंप्रूवमेंट ट्रस्ट घोटाले से संबंधित शिकायतों से संबंधित है। ईडी ने कहा था कि यह आरोप लगाया गया था कि निविदाएं उन ठेकेदारों को आवंटित की गई, जिन्होंने सीवीसी, खाद्य और नागरिक आपूर्ति के अध्यक्ष राकेश कुमार सिंगला के माध्यम से मंत्री (आशु) से संपर्क किया था।

# संविधान की प्रति लेकर खूब घूमे राहुल गांधी, फिर भी अज्ञानता की बातें कर रहें : शाजिया इल्मी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी बुधवार को जम्मू-कश्मीर के दौरे पर थे जहां चुनाव होने वाले हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस केंद्र सरकार पर इतना दबाव बनायेगी कि जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देना होगा। भाजपा की राष्ट्रीय प्रवक्ता शाजिया इल्मी ने आईएएनएस से बात करते हुए इसे कांग्रेस नेता की अज्ञानता करार दिया। शाजिया इल्मी ने कहा कि राहुल गांधी ने जिस तरीके से कहा है कि वह जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा देंगे, यह वादा तो तभी किया गया था, जब जम्मू-कश्मीर को केंद्र शासित प्रदेश बनाया गया था। राहुल गांधी संविधान की प्रतियां लेकर देशभर में बहुत घूमे हैं, लेकिन फिर भी वह अज्ञानता वाली बातें कर रहे हैं। उनको ये तक नहीं पता है कि राज्य का दर्जा दिलाना किसी राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता है। भाजपा प्रवक्ता ने आगे कहा कि राहुल गांधी ने डोगरा अस्मिता को लेकर निंदनीय बयान दिया है, वह महाराजा जिसकी वजह से जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग बना। राहुल गांधी ने इस क्षेत्र के राजा, डोगरा शासक का अपमान किया है, जो हिंदू और मुस्लिम दोनों के बीच लोकप्रिय थे। वह मुस्लिम बहुल क्षेत्र में डोगरा हिंदू राजा थे।




बता दें कि इससे पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने चार सितंबर को जम्मू-कश्मीर के रामबन में एक जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने जम्मू-कश्मीर की जनता से राज्य का दर्जा वापस दिलाने का वादा किया। इतना ही नहीं राहुल गांधी ने जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस गठबंधन की सरकार बनने का दावा भी किया। कांग्रेस सांसद ने कहा, पहली बार हिंदुस्तान के एक राज्य को केंद्र शासित प्रदेश बनाकर लोगों के अधिकार छीने गए। हिंदुस्तान के इतिहास में ऐसा पहले कभी नहीं हुआ है। सबसे पहले जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा वापस करना होगा, क्योंकि सिर्फ आपका राज्य ही नहीं छीना गया है, आपसे आपके अधिकार, आपकी संपत्ति, सब कुछ छीनी जा रही है। साल 1947 में हमने राजाओं को हटाकर लोकतांत्रिक सरकार बनाई, हमने देश को संविधान दिया। आज जम्मू-कश्मीर में एक राजा बैठा है, उसका नाम एलजी है। लेकिन, वह राजा है जो आपकी संपत्ति आपसे छीनकर बाहर के लोगों को दे रहा है।

राहुल गांधी ने भाजपा पर प्रहार करते हुए कहा, हमारा पहला कदम जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा वापस दिलाना होगा, हम चाहते थे कि चुनाव से पहले आपको राज्य का दर्जा मिले और फिर चुनाव हों, लेकिन भाजपा यह नहीं चाहती। भाजपा चाहे या न चाहे, इंडिया गठबंधन इतना दबाव डालेगी कि जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा देना ही होगा।

# महाराष्ट्र में नवंबर में होंगे विधानसभा चुनाव, तैयार रहें कार्यकर्ता : एकनाथ शिंदे

**मुंबई , एजेंसी।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि राज्य में विधानसभा चुनाव इसी साल नवंबर में होंगे। सीएम शिंदे ने मंगलवार को एक कार्यक्रम के दौरान यह बात कही। मुख्यमंत्री शिंदे ने शिवसेना के विधायक दिलीप लांडे के चंदीवली निर्वाचन क्षेत्र में आयोजित एक कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया। उन्होंने कहा, दो महीने बाद नवंबर में विधानसभा चुनाव हैं, इसलिए हमें दिलीप लांडे के साथ मजबूती से खड़ा होना होगा। हमें उन्हें भारी बहुमत से जिताने के लिए उनका समर्थन करना चाहिए। सीएम शिंदे ने आगे कहा, वह शिवसेना और महायुति गठबंधन की जीत के लिए कड़ी मेहनत करेंगे। यह पहली बार है जब महायुति गठबंधन का नेतृत्व करने वाले सीएम एकनाथ शिंदे ने विधानसभा चुनाव की संभावित तारीख पर बात की है। इससे पहले एनसीपी (एसपी) प्रमुख शरद पवार ने कहा था कि मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल 26 सितंबर 2024 है, लेकिन विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया नवंबर के दूसरे सप्ताह तक समाप्त हो सकती है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ने हाल ही में पार्टी के सांसदों, मंत्रियों, विधायकों और पदाधिकारियों के साथ एक बैठक की थी। उन्होंने राज्य सरकार की विकास योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का निर्देश दिया। इस बीच अजित पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी चुनाव से पहले लाडली बहना समेत अन्य योजनाओं को लेकर राज्य में अपनी मजबूती को दिखाने में जुटी हुई है। महाराष्ट्र में वर्तमान सरकार में तीन दल शामिल हैं, जिसमें भाजपा, शिवसेना और एनसीपी है। सूत्रों के अनुसार, 288 सदस्यीय महाराष्ट्र विधानसभा में भाजपा 150-160 सीटें पर दावा कर रही है, जबकि बाकी 128 सीटें शिवसेना, एनसीपी और अन्य दलों के लिए छोड़ी जाएंगी। बता दें कि भाजपा ने महाराष्ट्र प्रभारी और केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव की देखरेख में चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी है। पार्टी ने पूरे महाराष्ट्र में करीब एक लाख बूथों तक पहुंचने का लक्ष्य रखा है। दूसरी ओर, पवार, शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे और राज्य कांग्रेस पार्टी प्रमुख नाना पटोले ने महा विकास अघाड़ी में सीट बंटवारे को लेकर अपनी रणनीति साफ कर दी है। उन्होंने दावा किया है कि सीट बंटवारे में कोई समस्या नहीं होगी और वह महायुति सरकार को विधानसभा चुनाव में मात देंगे।



# कांग्रेस मौजूदा सभी 28 विधायकों को उतारेगी विस के रण में, 66 सीटों पर उम्मीदवार तय

**चंडीगढ़ , एजेंसी।** विधानसभा चुनाव में कांग्रेस अपने सभी मौजूदा 28 विधायकों को टिकट देने जा रही है। 22 विधायकों को टिकट देने का फैसला केंद्रीय चुनाव समिति की तीन दिन पहले हुई बैठक में लिया जा चुका है, बाकी छह विधायकों को चुनावी रण में उतारने का निर्णय बुधवार को लिया। कांग्रेस 66 पर अपने उम्मीदवार तय कर चुकी है, जबकि शेष 24 विधानसभा सीटों पर सिंगल नाम का पैनल तैयार करने के लिए चार वरिष्ठ नेताओं की कमेटी को अधिकृत किया गया है।

छह सितंबर के बाद होने वाली कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में इन सीटों पर अंतिम निर्णय ले लिया जाएगा। पार्टी के 28 विधायकों में से तीन विधायक राव दान सिंह, धर्म सिंह छौक्कर और सुरेंद्र पंवार को टिकट नहीं देने की जिद पर पार्टी प्रभारी अड़े हुए थे। समालखा के विधायक धर्म सिंह छौक्कर और उनके बेटे के विरुद्ध आपराधिक केस दर्ज हैं। इसकी शिकायत पार्टी प्रभारी के पास पहुंची। इसी तरह, महेंद्रगढ़ के विधायक राव दान सिंह और उनके बेटे के विरुद्धभी इसी तरह की शिकायत पार्टी प्रभारी पास पहुंची थी।

सोनीपत के विधायक सुरेंद्र पंवार को ईडी पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। अभी पंवार जेल मे हैं। इन तीन विधायकों के अलावा तीन विधायक ऐसे थे, जिनकी रिपोर्ट अच्छी नहीं थी, लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा द्वारा पार्टी नेताओं को समझाया गया कि यदि विधायकों का टिकट काटा गया तो इससे पार्टी को फायदा कम और नुकसान ज्यादा हो सकता है। इसलिए पार्टी ने सभी विधायकों को चुनाव लड़वाने का निर्णय ले लिया है। सुरेंद्र पंवार के स्थान पर उनकी पुत्रवधू को टिकट दिया जा सकता है।



पहली लिस्ट पांच सितंबर की रात अथवा छह सितंबर को आ सकती है। 24 सीटों पर कई-कई दावेदार होने की वजह से टीएस सिंहदेव, मधुसूदन मिस्त्री, अजय माकन, भूपेंद्र हुड्डा और दीपक बाबरिया को इनकी स्क्रीनिंग कर सिंगल नाम का पैनल तैयार करने को कहा गया है। मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी महाराष्ट्र के दौरे से लौटकर केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक लेंगे।

# बची हुई 23 सीटों पर भी एक-दो दिन में उम्मीदवारों की घोषणा : मनोहर लाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भाजपा ने हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर 67 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी कर दी है। पार्टी ने इस बार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को करनाल की बजाय लाडवा विधानसभा सीट से उम्मीदवार बनाया है। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने मीडिया को बताया की बाकी बची हुई 23 सीटों पर भी अगले एक-दो दिन में पार्टी अपने उम्मीदवारों के नामों का ऐलान कर देगी। पार्टी मुख्यालय में भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा से मुलाकात के बाद मीडिया से बात करते हुए मनोहर लाल ने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व ने संसदीय बोर्ड की सहमति से विधानसभा चुनाव को लेकर आज 67 उम्मीदवारों की अपनी पहली लिस्ट जारी की है। बाकी बची हुई 23 सीटों को भी संसदीय बोर्ड जल्द तय करेगा और पार्टी अगले एक-दो दिन में इन बची हुई सीटों पर भी अपने उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर देगी। पहली सूची में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी लाडवा से लड़ेंगे और सभी प्रमुख नेताओं की सीटें तय कर दी गई हैं। हरियाणा में गुरुवार 5 सितंबर से नामांकन की प्रक्रिया शुरू होगी जो 12 सितंबर तक चलेगी। पार्टी उम्मीदवारों की लिस्ट जारी होने में देरी के बारे में पूछे जाने पर मनोहर लाल ने कहा कि पार्टी में कहीं भी किसी प्रकार की कोई अनबन नहीं है। राजनीति में रणनीति और तारीख का विशेष महत्व होता है। चूंकि कल से नामांकन की प्रक्रिया शुरू होनी है इसलिए आज लिस्ट जारी करने का फैसला किया गया था और उसी रणनीति के तहत लिस्ट आज जारी की गई है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि हरियाणा और जम्मू कश्मीर, दोनों राज्यों में विधानसभा चुनाव हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और पार्टी अध्यक्ष जे.पी. नड्डा दोनों राज्यों में प्रचार करेंगे और पूरा समय देंगे। कांग्रेस द्वारा पहलवानों को टिकट दिए जाने की खबरों को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा, हमारे कुछ साथी खिलाड़ी उस समय राजनीतिक चक्र में फंसे थे। आज उसका पटाक्षेप हो रहा है। आज वही लोग मिलकर कांग्रेस नेताओं से टिकट की गुहार कर रहे हैं और कांग्रेस भी कह रही है कि टिकट देगी। इसका मतलब है कि उस समय जो सारा विषय था (आंदोलन), वह राजनीति से ओत-प्रोत था। उस समय इतनी साफगोई से कोई यह नहीं कह सकता था लेकिन आज तो सब कुछ साफ हो गया है। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के गठबंधन की खबरों को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि कल तक गठबंधन नहीं करने और अकेले दम दिखाने की बात करने वालों का दम सामने आ गया है। आज एक नहीं बल्कि दो-दो दलों के साथ गठबंधन करना पड़ रहा है। वहां भगदड़ मचने वाली है और हरियाणा में तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने जा रही है।



# तीरंदाजी में हरविंदर ने जीता गोल्ड

### पेरिस पैरालंपिक



**पेरिस, एजेंसी।** टोक्यो 2020 के कांस्य पदक विजेता हरविंदर सिंह ने पुरुषों के व्यक्तिगत रिकर्व ओपन में स्वर्ण पदक जीतकर एक और इतिहास रच दिया। वह पैरालंपिक खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय तीरंदाज बन गए। उन्होंने बुधवार को फाइनल में पोलैंड के लुकास सिसजेक को 6-0 से हराकर यह उपलब्धि हासिल की।

इस उपलब्धि के साथ, हरविंदर पैरालंपिक और ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले और एकमात्र भारतीय तीरंदाज बन गए। वह लगातार दो पैरालंपिक में पदक जीतने वाले पहले और एकमात्र तीरंदाज भी हैं। भारत ने अब तक पेरिस पैरालंपिक में चार स्वर्ण, आठ रजत और 10 कांस्य पदकों समेत कुल 22 पदक जीते हैं। हरविंदर के स्वर्ण के साथ भारत पदक तालिका में 15वें स्थान पर पहुंच गया है। इससे पहले बुधवार को ही सचिन खिलारी ने देश के लिए रजत पदक जीता था।

हरविंदर ने फाइनल में शानदार प्रदर्शन किया। पहले सेट में 10 और दो 9 के साथ हरविंदर सिंह ने पहला सेट जीत लिया। सिसजेक ने 9, 7 और 8 का स्कोर किया। 2-0 से आगे चल रहे हरविंदर ने दूसरे सेट की शुरुआत लगातार दो नौ के साथ की और फिर 10 का स्कोर किया जबकि सिसजेक ने तीनों प्रयासों में 9 का स्कोर किया। हरियाणा के कैथल के एक किसान परिवार से आने वाले हरविंदर ने दो 10 और उसके बाद एक नौ (29) के साथ स्वर्ण पदक पक्का किया, जबकि सिसजेक ने सात से शुरुआत की और फिर दो 9 का स्कोर किया। इससे पहले, हरविंदर ने बुधवार को ही सेमीफाइनल में ईरान के अरब अमेरी मोहम्मद रजा को हराया था।



## पीएम मोदी ने दी हरविंदर को बधाई

पोलियो ग्रस्त हरविंदर ने तीरंदाजी के ओपन रिकर्व के फाइनल में पोलैंड के ल्यूकास सिजेक को 6-0 से हराकर स्वर्ण जीता। वह पैरालंपिक में स्वर्ण जीतने वाले देश के पहले पैरा तीरंदाज बन गए। इससे पहले उन्होंने पुरुषों की रिकर्व ओपन प्रतियोगिता में लगातार चार जीत हासिल करके फाइनल में प्रवेश किया था।

पेरिस पैरालंपिक में भारत का अभूतपूर्व प्रदर्शन जारी है। बुधवार को तीरंदाज हरविंदर सिंह ने पुरुषों के व्यक्तिगत रिकर्व ओपन में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। वह पैरालंपिक में तीरंदाजी में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय हैं। पीएम मोदी ने उनके इस ऐतिहासिक प्रदर्शन पर उन्हें बधाई दी।

### संक्षिप्त समाचार

## 29 सितंबर को बेंगलुरु में बीसीसीआई एजीएमः रिपोर्ट



**नई दिल्ली,एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) 29 सितंबर को बेंगलुरु में होगी।

क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार, शहर में हाई परफॉरमेंस सेंटर के उद्घाटन के साथ होने वाली एजीएम के लिए गुरुवार को राज्य संघों को नोटिस भेजे गए। इसमें आगे दावा किया गया है कि पिछले महीने जय शाह की अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के स्वतंत्र अध्यक्ष के रूप में निर्विरोध नियुक्ति के बाद 1 दिसंबर से खाली होने वाले सचिव के पद के लिए कोई चुनाव नहीं होगा। रिपोर्ट में संकेत दिया गया है कि बीसीसीआई नए सचिव का चुनाव करने के लिए विशेष आम बैठक (एसजीएम) बुलाएगा।

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए टीम से बाहर हुए जोस बटलर



ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम स्कॉटलैंड दौरे के ठीक बाद इंग्लैंड जाएगी जहां पर दोनों टीमों के बीच पहले 3 मैचों की टी20आई सीरीज खेली जाएगी और फिर 5 मैचों की वनडे सीरीज का आयोजन किया जाएगा। दोनों देशों के बीच खेले जाने वाले इन तीन मैचों की टी20आई सीरीज से इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर बाहर हो गए हैं और उनकी जगह टीम की कप्तानी फिल साल्ट करते हुए नजर आएंगे।

### जोस बटलर नहीं खेलेंगे टी20आई सीरीज

इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच 3 मैचों की टी20आई सीरीज की शुरुआत 12 सितंबर से होगी और फिर इस सीरीज का दूसरा मैच 14 सितंबर को जबकि तीसरा मैच 16 सितंबर को खेला जाएगा। इसके बाद 5 मैचों की वनडे सीरीज की शुरुआत 16 सितंबर से होगी। फिलहाल टीम के नियमित कप्तान जोस बटलर इन तीन मैचों की टी20आई सीरीज का हिस्सा नहीं होगें। जोस बटलर पिंडली की चोट के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज से बाहर हो गए और उनका ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज में खेलना भी संदिग्ध है। इसकी जानकारी इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने दी।

### बटलर की जगह जेमी ओवरटन टीम में शामिल

बटलर की अनुपस्थिति में स्टार ओपनर फिल साल्ट को टीम की कमान सौंपी गई है और ऑलराउंडर जेमी ओवरटन को टी20 टीम में बटलर की जगह शामिल किया गया है। वनडे सीरीज से भी अगर जोस बटलर बाहर होते हैं तो हैरी ब्रुक कथित तौर पर टीम की कमान संभालेंगे और कप्तान के कवर के तौर पर जॉर्डन कॉक्स को वनडे टीम में शामिल किया गया है।

# ट्रेविस हेड ने टी-20 इंटरनेशनल में रचा इतिहास



**एडिबर्ग, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलियाई टीम अपना दिन होने पर किसी भी टीम को ध्वस्त कर सकती है। ऐसा ही कुछ नजारा स्कॉटलैंड के खिलाफ मैच में देखने को मिला। जब ऑस्ट्रेलिया ने स्कॉटलैंड के खिलाफ 155 रनों का टारगेट 9.4 ओवर में ही चेज कर लिया। ऑस्ट्रेलिया के लिए ट्रेविस हेड ने विस्फोटक बैटिंग की। उनके आगे स्कॉटलैंड के गेंदबाज टिक नहीं पाए। उन्होंने 80 रनों की तूफानी पारी खेलकर ऑस्ट्रेलिया को जीत दिलाई है।

स्कॉटलैंड के खिलाफ मैच में ट्रेविस हेड ने पारी की शुरुआत से ही विस्फोटक बैटिंग की। उन्होंने सिर्फ 17 गेंदों में ही अर्धशतक पूरा कर लिया। वह टी20 इंटरनेशनल में ऑस्ट्रेलिया के लिए संयुक्त रूप से सबसे तेज अर्धशतक जड़ने वाले बल्लेबाज बने हैं। मार्कस स्टोइनिस ने भी ऑस्ट्रेलिया के लिए ञ्20द्व में 17 गेंदों में फिफ्टी लगाई थी। हेड ने मैच में 25 गेंदों में 80 रन बनाए, जिसमें 12 चौके और पांच छक्के शामिल थे। लेकिन वह तेजी से रन बनाने के चक्कर में आउट हो गए और शतक पूरा नहीं कर पाए।

ट्रेविस हेड ने स्कॉटलैंड के सभी बॉलर्स के खिलाफ खूब रन बनाए। उनकी वजह से ही ऑस्ट्रेलियाई टीम 9.4 ओवर में ही टारगेट चेज करने में सफल रही है। हेड ने बेहतरीन बैटिंग का नमूना पेश किया। वह एक टी20 इंटरनेशनल मैच के पावरप्ले में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले प्लेयर बन गए हैं। उन्होंने पॉल स्ट्रलिंग का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। पॉल स्ट्रलिंग ने ञ्20द्व के मैच के पावरप्ले में 67 रन तो ट्रेविस हेड ने 73 रन बनाए हैं। हेड पावरप्ले में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में सभी बल्लेबाजों को पीछे करते हुए पहले नंबर पर पहुंच गए हैं।

**एक टी20 इंटरनेशनल मैच के पावरप्ले में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजः**

73 - ट्रेविस हेड, 2024
67 - पॉल स्टर्लिंग, 2020
66 - कॉलिन मुनरो , 2018
64 - क्विंटन डी कॉक, 2023
62 - एविन लुईस, 2018
62 - जॉनसन चार्ल्स 2024

**ऑस्ट्रेलिया के लिए टी-20 में सबसे तेज फिफ्टी जड़ने वाले बल्लेबाजों की लिस्टः**
ट्रेविस हेड-17 गेंद
मार्कस स्टोइनिस- 17 गेंद
डेविड वॉर्नर- 18 गेंद
ग्लेन मैक्सवेल- 18 गेंद

# शरत कमल की निकट भविष्य में संन्यास की योजना नहीं, टूर पर एक और सत्र खेलेंगे



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के महान टेबल टेनिस खिलाड़ी शरत कमल के पांचवें ओलंपिक में हिस्सा लेने के बाद संन्यास की योजना बनाने की उम्मीद थी लेकिन 42 साल के इस खिलाड़ी ने बुधवार को पेशेवर टूर पर एक और सत्र में खेलने की प्रतिबद्धता जाहिर की। शरत को बुधवार को एशियाई चैम्पियनशिप की पुरुष टीम का कप्तान बनाया गया जो अगले महीने अस्ताना में खेली जायेगी।

पेरिस ओलंपिक में भारत के ध्वजवाहक शरत ने कहा कि वह सात अक्टूबर से शुरू होने वाले एशियाई चैम्पियनशिप के लिए कजाखस्तान की यात्रा से पहले इस महीने के अंत में चाइना स्मैश में भी हिस्सा लेंगे। भारत की सर्वश्रेष्ठ 37 रैंकिंग हासिल करने वाले शरत दोहा में 2025 विश्व चैम्पियनशिप में खेलने का लक्ष्य भी बनाये हैं। इस अनुभवी खिलाड़ी ने कहा, 'अगले 9 महीने से एक साल तक मैं सक्रिय खिलाड़ी बना रहूंगा। लेकिन साथ ही मैं आईओसी और आईटीटीएफ में विकल्प की तलाश करूंगा। अपने देश में टीटीएफआई के साथ एक ढांचा बनाने में मदद करने की कोशिश करूंगा ताकि साई और टीटीएफआई के बीच अंतर कम हो सके और खेल में ज्यादा से ज्यादा कोरपोरेट प्रायोजक आएं।

शरत अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस महासंघ (आईटीटीएफ) के एथलीट आयोग में चुने जाने वाले पहले भारतीय हैं। वह भारतीय ओलंपिक संघ में एथलीट संस्था का भी हिस्सा हैं और निकट भविष्य में वह अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के एथलीट आयोग में एक सीट हासिल करने का लक्ष्य बनाये हैं। उन्होंने 2028 ओलंपिक में हिस्सा लेने की बात खारिज की लेकिन उनके 2026 एशियाई खेलों में भाग लेने की संभावना है।

# इंग्लैंड टेस्ट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स जल्द ही ले सकते हैं संन्यास?

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड टेस्ट क्रिकेट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स ने हाल ही में इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद की अपनी योजनाओं के बारे में बताया।



बेन स्टोक्स का मानना है कि इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कहने के बाद वो कोच बनने की राह पर आगे बढ़ सकते हैं। आपको बता दें कि इंग्लैंड क्रिकेट टीम के मौजूदा हेड कोच ब्रेंडन मैकुलम ने भी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद यही किया था। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के करीब छह साल बाद ब्रेंडन मैकुलम को टेस्ट क्रिकेट में इंग्लैंड का मुख्य कोच नियुक्त किया गया था। बेन स्टोक्स और ब्रैंडन मैकुलम दोनों के बीच काफी अच्छे संबंध हैं। दोनों को इंग्लैंड की टेस्ट टीम में बैज बॉल (तेजी से रन बनाने की रणनीति) को लाने का श्रेय दिया जाता है।

अब ऐसा लग रहा है कि स्टोक्स रिटायरमेंट के बाद मैकुलम के नक्शेकदम पर चलते हुए कोच बन सकते हैं। द टेलीग्राफ से बात करते हुए बेन स्टोक्स ने कोच बनने की अपनी भविष्य की योजनाओं के बारे में खुलकर बात की। 33 साल के इस खिलाड़ी ने माना कि खेल के प्रति उनका प्यार उन्हें रिटायर होने के बावजूद क्रिकेट के मैदान को नहीं छोड़ने के लिए मजबूर करेगा।

### यूएस ओपनः 2024

# अमेरिकी ओपन में बड़ा उलटफेर, स्वियातेक को हराकर पेगुला सेमीफाइनल में, सिनर ने मेदवेदेव को हराया



**न्यूयॉर्क , एजेंसी।** दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ियों नोवाक जोकोविच और कार्लोस अल्कारेज के जल्द बाहर होने के बाद अब पुरुष एकल में सिनर एकमात्र ग्रैंडस्लैम विजेता बचे हैं।

यूएस ओपन में बुधवार को बड़ा उलटफेर देखने को मिला। अमेरिका की जेसिका पेगुला ने बुधवार को यहां दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक को सीधे सेट में हराकर उलटफेर करते हुए अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के सेमीफाइनल में जगह बनाई। वहीं, दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर ने बुधवार को पुरुष एकल में पूर्व चैंपियन दानिल मेदवेदेव को चार सेट में हराकर पहली बार अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

इटली के शीर्ष वरीय सिनर ने 2021 के चैंपियन मेदवेदेव को 6-2, 1-6, 6-1, 6-4 से हराया। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ियों नोवाक जोकोविच और कार्लोस अल्कारेज के जल्द बाहर होने के बाद अब पुरुष एकल में सिनर एकमात्र ग्रैंडस्लैम विजेता बचे हैं। सिनर ने जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में पहले दो सेट गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए मेदवेदेव को पांच सेट में हराकर खिताब जीता था। सिनर फाइनल में जगह बनाने के लिए शुक्रवार को ब्रिटेन के 25वें वरीय जैक ड्रेपर से भिड़ेंगे। इसी दिन एक अन्य सेमीफाइनल 12वें वरीय टेलर फ्रिट्ज और 20वें वरीय फ्रांसेस टियाफो के बीच खेला जाएगा। 22 साल के ड्रेपर ने पहली बार ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई है। वह 2012 में एंडी मरे के ट्रॉफी जीतने के बाद अमेरिकी ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले ब्रिटेन के पहले पुरुष खिलाड़ी हैं। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में 10वें वरीय एलेक्स डि मिनोर को 6-3, 7-5, 6-2 से हराया।

30 साल की पेगुला ने स्वियातेक को 6-2, 6-4 से हराकर पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इससे पहले छठी वरीय पेगुला को ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में छह बार शिकस्त का सामना करना पड़ा था। अपने पिछले 15 मैच हार्ड कोर्ट पर खेलते हुए 14 जीत दर्ज करने वाली पेगुला ने कहा, मैं इतनी बार से हार रही थी। मुझे पता है कि सभी मेरे से इस बारे में पूछते रहते थे लेकिन मेरा जवाब होता था कि मुझे नहीं पता कि मुझे इससे अलग क्या करना है।

मुझे बस कोर्ट पर उतरकर मैच जीतना है। इसलिए भगवान का शुक्र है कि मैं ऐसा कर पाई और अंततः मैं कह सकती हूं कि मैं सेमीफाइनलिस्ट हूं। सेमीफाइनल में बृहस्पतिवार को पेगुला की भिड़ंत चेक गणराज्य की गैरवरीय कैरोलिना मुचोवा से होगी। फ्रेंच ओपन 2023 के फाइनल में स्वियातेक के खिलाफ हार के साथ उप विजेता रहीं मुचोवा ने 22वीं वरीय बीट्रिज हदाद माइया को 6-1, 6-4 से हराकर लगातार दूसरी बार अमेरिकी ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाई।

# जय शाह के बाद रोजर बिन्नी भी जाएंगे आईसीसी!

## बेंगलुरु में 29 सितंबर को बीसीसीआई की एजीएम में लग सकती है मुहर



**नईदिल्ली, एजेंसी।** मुंबई में महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के उद्घाटन संस्करण की नीलामी के दौरान भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह और अध्यक्ष रोजर बिन्नी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) महासचिव जय शाह का इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) के अगला चेयरमैन बनना तय हो गया है।

अब बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी के भी आईसीसी में जाने पर मुहर लग सकती है। दरअसल, बेंगलुरु में 29 सितंबर को बीसीसीआई की सालाना आम बैठक होनी है।इस बैठक में इस बात पर मुहर लग सकती है कि रोजर बिन्नी आईसीसी में बीसीसीआई के प्रतिनिधि होंगे। खबर के मुताबिक, एजीएम में आईसीसी में बीसीसीआई के प्रतिनिधि के रूप में रोजर बिन्नी की नियुक्ति से इनकार नहीं किया जा सकता। हालांकि, उम्र उनकी राह में आड़े आ सकती है।

आईसीसी प्रशासन में शामिल होने के लिए अधिकतम उम्र 70 वर्ष है। ऐसे में बीसीसीआई को जो नया महासचिव बनेगा वह भी आईसीसी में प्रतिनिधि हो सकता है। खास यह है कि एजीएम बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी के गृहनगर बेंगलुरु में ही होनी है। बीसीसीआई की एजीएम के लिए गुरुवार 5 सितंबर 2024 की सुबह राज्य संघों को नोटिस भेज दिए गए। बीसीसीआई की 93वीं एजीएम की शुरुआत बेंगलुरु के बाहरी इलाके में अत्याधुनिक राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के उद्घाटन के साथ होगी। दो दशक से अधिक समय पहले अस्तित्व में आने के बाद से एनसीए एम चिन्नास्वामी स्टेडियम परिसर से संचालित हो रहा है। एजीएम में बीसीसीआई के नए महासचिव का चुनाव नहीं होगा, लेकिन चुनाव के लिए विशेष आम बैठक (एसजीएम) की तारीख तय की जा सकती है।

जय शाह के सर्वसम्मति से आईसीसी का चेयरमैन चुने जाने के बाद नए महासचिव की नियुक्ति अनिवार्य हो गई है। राज्य क्रिकेट संघों को भेजे गए बैठक के 18 सूत्री एजेंडे में अन्य महत्वपूर्ण बिंदु आईसीसी बैठकों में बीसीसीआई के प्रतिनिधि की नियुक्ति है, क्योंकि शाह अब उस भूमिका के लिए उपलब्ध नहीं होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### बांग्लादेश में शेख हसीना पर दो और मामले दर्ज

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना पर दो और मामले दर्ज किए गए हैं। हिजबुल्लाह ने उत्तरी इस्राइल पर 30 रॉकेट दागे हैं। आईडीएफ (इस्राइल रक्षा बल) ने बताया कि इस हमले में कोई भी हताहत नहीं हुआ है। बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ हत्या के दो और मामले दर्ज किए गए हैं। इसी के साथ उन पर दर्ज मुकदमों की संख्या 94 हो गई है। इनमें से ज्यादातर छात्र विरोध प्रदर्शन के दौरान हत्याओं के लिए हैं। 19 जुलाई को विरोध प्रदर्शन के दौरान ढाका के एक शख्स की हत्या पर हसीना व 26 अन्य पर बुधवार को केस दर्ज किया गया। इस मामले में पूर्व गृह मंत्री असदुज्जमान खान, अवामी लीग के महासचिव ओबैदुल कादिर व पार्टी के कई नेता व कार्यकर्ता आरोपियों में शामिल हैं।

### पाकिस्तान में अज्ञात बंदूकधारियों ने पुलिस कांस्टेबल की हत्या की

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के अशांत उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बुधवार को कुछ अज्ञात बंदूकधारियों ने कांस्टेबल वकाल अहमद की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना अफगानिस्तान की सीमा से सटे लक्की मरवात जिले के नवारखेल गांव की है, जहां वकार के आवास के पास उसे गोली मारी गई। हमलावर मौके से भागने में सफल रहे।

### म्यांमार में हिंसा, हजारों रोहिंग्या बांग्लादेश भागे, हालात मुश्किल

**म्यांमार, एजेंसी।** म्यांमार के पश्चिमी रखाइन प्रांत में बढ़ती हिंसा से बचकर हाल के महीनों में लगभग 8,000 रोहिंग्या मुसलमान बांग्लादेश भाग आए हैं। बांग्लादेश में शरणार्थी प्रभारी अधिकारी मो. शमसूद डौजा ने कहा, इतने लोगों के सीमा पार करने से हम पर काफी बोझ बढ़ गया है, जबकि बांग्लादेश पहले से ही बुरी हालत में होने से इनके समायोजन में असमर्थ है।

### हूवर इंस्टीट्यूशन के विजिटिंग फेलो नामित हुए विवेक लाल

**वाशिंगटन, एजेंसी।** प्रसिद्ध भारतीय-अमेरिकी 'एयरोस्पेस' वैज्ञानिक डॉ. विवेक लाल को स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के प्रतिष्ठित हूवर इंस्टीट्यूशन के विशिष्ट 'विजिटिंग फेलो' के रूप में नामित किया है। लाल 'जनरल एटॉमिक्स ग्लोबल कॉरपोरेशन' के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हैं। उन्हें 2018 में अमेरिकी परिवहन मंत्रालय का प्रमुख सलाहकार नियुक्त किया जा चुका है। हूवर इंस्टीट्यूशन एक प्रमुख शोध केंद्र और दुनिया के सबसे प्रभावशाली 'थिंक टैंक' में से एक है।

### इंडोनेशिया में पोप ने चरमपंथ के विरुद्ध चेताया

**जकार्ता, एजेंसी।** पोप फ्रांसिस ने बुधवार को दुनिया के सर्वाधिक मुस्लिम आबादी वाले देश इंडोनेशिया में राजनीतिक नेताओं को धार्मिक चरमपंथ से बचने का आग्रह किया। उन्होंने धोखे व हिंसा से लोगों की धार्मिक मान्यताएं तोड़ने से बचने को कहा। उन्होंने राष्ट्रपति जोको विदोदो व अन्य नेताओं से मुलाकात की। विदोदो ने गाजा में शांति प्रयासों के लिए पोप का समर्थन किया। जबकि इंडोनेशिया का रुख हमेशा फलस्तीनियों के साथ रहा है।

### मैक्सिको में पलटी ट्रेन, बच्चा लापता

**मैक्सिको, एजेंसी।** मैक्सिको के सियुदाद जुआरेज के बाहरी इलाके में एक ट्रेन पटरी से उतर गई। इस हादसे में ट्रेन सवार कई प्रवासी घायल हो गए, जबकि एक बच्चा लापता हो गया। बुधवार को ड्रोन से ली गई इस तस्वीर में मैक्सिको की सेना और रेलवे कर्मचारियों का दल हादसे के बाद लापता हुए एक बच्चे की तलाश करता नजर आ रहा है।

### अमेरिका के दक्षिणपंथी इंफ्लुएंसर्स को रूस ने अपने फायदे के लिए इस्तेमाल किया, अभियोजकों ने लगाए आरोप

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के कुछ दक्षिणपंथी सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स पर आरोप है कि उन्होंने रूस के लिए काम किया। गौरतलब है कि इंफ्लुएंसर्स को भी नहीं पता था कि वे रूस के प्रभाव में काम कर रहे हैं। अमेरिकी अभियोजकों का कहना है कि जब डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति थे तो ये इंफ्लुएंसर्स देश में दक्षिणपंथी राजनीतिक विमर्श को भी बढ़ावा दे रहे थे। बुधवार को दायर किए गए एक अभियोग में एक मीडिया कंपनी पर आरोप लगाए गए हैं, जिससे जुड़े छह दक्षिणपंथी इंफ्लुएंसर्स भी आरोपी बना गए हैं। इनमें मशहूर इंफ्लुएंसर टिम पूल, डेव रुबिन और बेनी जॉनसन जैसे नाम शामिल हैं। इनके सोशल मीडिया पर लाखों की संख्या में फॉलोअर्स हैं। अभियोग में इंफ्लुएंसर्स पर आरोप है कि इन लोगों को रूस के सरकारी मीडिया कर्मचारियों द्वारा फंडिंग दी जा रही थी। हालांकि इन इंफ्लुएंसर्स को भी कथित तौर पर इसकी जानकारी नहीं थी। आरोप है कि इंफ्लुएंसर्स को यूक्रेन युद्ध और अन्य वैश्विक मुद्दों पर रूस का पक्ष दिखाते हुए अंग्रेजी में वीडियो बनाने की जिम्मेदारी दी गई थी, जिससे घरेलू स्तर पर बंटवारा किया जा सके और अमेरिका को कमजोर किया जा सके। वहीं आरोपों का सामना कर रहे कुछ इंफ्लुएंसर्स ने दावा किया है कि उन्हें नहीं पता था कि जो कंपनी उन्हें फंडिंग कर रही है वह रूस की कंपनी है। उनका दावा है कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है। अभियोग में आरोप है कि रूस की तरफ से टेनेसी स्थित कंटेंट बनाने वाली कंपनी को करीब एक करोड़ डॉलर की फंडिंग की गई ताकि वह रूस समर्थित कंटेंट बनाएं। रूस की कथित साजिश के मामले में अमेरिका ने फॉरेन एजेंट्स रजिस्ट्रेशन एक्ट और धन शोधन के आरोप में मामला दर्ज किया है।

# कनाडा में खालिस्तान समर्थक पार्टी ने ट्रूडो का साथ छोड़ा

## ढाई साल से गठबंधन था, चुनाव से एक साल पहले ही गिर सकती है सरकार



**ओटावा, एजेंसी।** कनाडा में जस्टिन ट्रूडो की लिबरल पार्टी और न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी (एनडीपी) के बीच गंठबंधन टूट गया है। सीबीसी न्यूज के मुताबिक इससे अल्पमत वाली ट्रूडो सरकार पर संकट मंडराने लगा है। अब उन्हें सत्ता में बने रहने के लिए दूसरे दलों का समर्थन हासिल करना होगा। एनडीपी के खालिस्तान समर्थक नेता जगमीत सिंह ने एक वीडियो जारी कर कहा कि वह दोनों पार्टियों के बीच 2022 में हुए समझौते को तोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि लिबरल पार्टी व्यापारियों के आगे झुक गई है। वे बदलाव नहीं ला पा रहे हैं। एनडीपी ने 2022 में ट्रूडो सरकार को समर्थन देने का ऐलान किया था। एनडीपी और लिबरल पार्टी के बीच हुआ समझौता 'सप्लाई एंड कॉन्फिडेंस' कहलाता था। समझौते के तहत एनडीपी बिल पारित करने के दौरान लिबरल पार्टी का समर्थन करती थी। इसके बदले ट्रूडो सरकार एनडीपी से जुड़ी नीतियां लागू करती थी।

**संसद में अल्पमत में आई ट्रूडो सरकार :** जगमीत सिंह ने कहा कि पीएम ट्रूडो ने जनता को निराश किया है। वे अब एक और मौका पाने के लायक नहीं हैं। वे उनके साथ हुए समझौते को 'रद्दी की टोकरी' में फेंकने जा रहे हैं। संसद में ट्रूडो की पार्टी के पास 130 सीटें हैं। सत्ता में बने रहने के लिए पार्टी को 9 सीटें और चाहिए। अब तक 24 सीटों वाली एनडीपी उसका समर्थन कर रही थी। बहुमत के लिए ट्रूडो की पार्टी को अब क्यूबेक पार्टी (32 सीटें) का साथ चाहिए होगा। विपक्षी कंजरवेटिव पार्टी के पास 119 सीटें हैं। सर्वे के मुताबिक अगर चुनाव होते हैं तो कंजरवेटिव पार्टी को बहुमत मिल सकता है। इसलिए ट्रूडो सरकार के पास चुनाव को टालने की मजबूरी है। इस महीने शुरू होगा संसद सत्र, बहुमत साबित करने की चुनौती

रिपोर्ट्स के मुताबिक ट्रूडो सरकार पर अभी बहुमत साबित करने या फिर नए सिरे से चुनाव कराने का खतरा नहीं है लेकिन सरकार गिरने का जोखिम बना हुआ है। लिबरल पार्टी को बजट पारित करने और चुनाव टालने के लिए हाउस ऑफ कॉमन्स में अन्य विपक्षी दलों से समर्थन हासिल करना होगा। रिपोर्ट के मुताबिक इस महीने के आखिर में संसद का सत्र शुरू होगा। अगर कोई पार्टी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश करती है तो ट्रूडो सरकार को बहुमत साबित करना होगा। अगर ट्रूडो सरकार बहुमत साबित नहीं कर पाई तो अक्टूबर 2025 से पहले देश में चुनाव हो सकते हैं। जगमीत सिंह ने कहा कि वे इस महीने के आखिर में अविश्वास प्रस्ताव ला रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी अगले चुनाव के लिए तैयार है। जगमीत सिंह को भारत ने वीजा नहीं दिया था जगमीत सिंह 2017 से एनडीपी के चीफ हैं। वे किसी कनाडाई पार्टी की कमान संभालने वाले पहले नेता हैं। उनका जन्म 1979 में कनाडा के ओंटारियो में हुआ था। उनके माता-पिता बेहतर जीवन की तलाश में पंजाब से कनाडा चले गए थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक जगमीत 2011 में संसद के सदस्य बने। जगमीत सिंह को 2013 में भारत ने वीजा देने से इनकार कर दिया था। उन पर भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल रहने और कट्टरपंथियों के साथ संबंध रखने का आरोप था। वीजा रद्द होने के बाद जगमीत सिंह ने आरोप लगाया कि 1984 से सिख विरोधी दंगे के पीड़ितों के लिए आवाज उठाने की वजह से सरकार उनसे नाराज थी। उन्होंने दावा किया था कि उन्हें पंजाब में 'सिख ऑफ द ईयर' से सम्मानित करने के लिए बुलाया गया था। कनाडाई वेबसाइट ग्लोब एंड मेल के मुताबिक जगमीत सिंह ने जून 2015 में खालिस्तान के समर्थन में सैन फ्रांसिस्को में एक रैली में भाग लिया था।

### गाजा में 187,000 बच्चों को पोलियो टीका लगाया गया : संयुक्त राष्ट्र



वाशिंगटन, एजेंसी। तीन दिवसीय पोलियो टीकाकरण अभियान के पहले चरण में गाजा पट्टी के 187,000 बच्चों को पोलियो टीका लगाया गया। टीका लगाए गए सभी बच्चे 10 साल से कम उम्र के थे। यह जानकारी संयुक्त राष्ट्र ने दी। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, यूएन ऑफिस फॉर द कोऑर्डिनेशन ऑफ ह्यूमन अफेयर्स (ओसीएचए) ने बुधवार को कहा कि अब यह अभियान गुरुवार से तीन दिनों के लिए गाजा के दक्षिणी क्षेत्र में शुरू होगा, जिसके बाद उत्तरी क्षेत्र में चलाया जाएगा। 640,000 से अधिक बच्चों को टीके की दो खुराक (प्रत्येक खुराक चार सप्ताह के अंतराल पर) देने का लक्ष्य रखा गया है। ओसीएचए ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक टेड्रोस एडनॉम घेब्रेयेसस ने बताया कि स्वास्थ्य कर्मियों ने रविवार से अब तक 187,000 बच्चों को टीका लगाया है। संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) ने कहा, अभियान के शेष चरणों के लिए क्षेत्रीय स्तर पर संघर्ष विराम आवश्यक है, अन्यथा हम गाजा के बच्चों की सुरक्षा करने में विफल हो जाएंगे और अन्य बच्चों को खतरे में डाल देंगे। यह अभियान 10 महीने के बच्चे के पोलियो से आंशिक रूप से लकवाग्रस्त हो जाने के बाद शुरू किया गया था। ओसीएचए ने कहा कि टीकाकरण अभियान को सफल बनाने के लिए मध्य गाजा में 510 टीमें तैनात की गईं। इसमें 40 हेल्थ पार्टनर भाग ले रहे हैं। 17 स्वास्थ्य सेवा केन्द्र टीकाकरण संचालित कर रहे हैं और 23 अभियान के बारे में समुदायों को जानकारी दे रहे हैं। गौरतलब है कि गाजा में लड़ाई जारी रहने के बावजूद टीकाकरण किया जा रहा है। फिलिस्तीनी शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र की मुख्य एजेंसी के प्रमुख फिलिप लाजारिनी ने बुधवार को लिखा, बहुत बढ़िया प्रगति ! गाजा के मध्य क्षेत्रों में हर दिन, अधिक से अधिक बच्चों को पोलियो के खिलाफ टीके लग रहे हैं।

### बोइंग का स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान वापसी के लिए तैयार

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** बोइंग का स्टारलाइनर विमान, जिसने बीती 5 जून को भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स को साथ लेकर अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन की उड़ान भरी थी, अब वह अंतरिक्ष यान धरती पर वापसी के लिए तैयार है। स्टारलाइन 6 सितंबर यानी कि कल धरती पर लौटेगा, लेकिन तकनीकी खामी के चलते यह यान बिना किसी अंतरिक्ष यात्री के धरती पर लौटेगा। इसके चलते बोइंग को शर्मिंदगी का सामना करना पड़ रहा है। बोइंग के स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान को पहले तो बनने में ही काफी समय लगा और इसने बीते जून में अपनी पहली ही अंतरिक्ष उड़ान भरी थी। स्टारलाइन के साथ दो अंतरिक्षयात्रियों सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर भी अंतरिक्ष मिशन पर गए थे और मिशन के तहत दोनों अंतरिक्षयात्रियों को आठ दिन अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन में बिताने थे, लेकिन स्टारलाइनर में तकनीकी खराबी के चलते यह मिशन लंबा खिंचता चला गया। आखिरकार दोनों अंतरिक्षयात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नासा ने दोनों अंतरिक्षयात्रियों को अब फरवरी 2025 में धरती पर वापस लाने का फैसला किया है। वहीं बोइंग का स्टारलाइनर 6 सितंबर को बिना क्रू के धरती पर वापस लौटेगा। नासा का कहना है कि उनके लिए अपने अंतरिक्षयात्रियों की सुरक्षा सर्वोपरि है। वहीं बोइंग का दावा है कि उनका अंतरिक्षयान स्टारलाइनर अंतरिक्षयात्रियों को वापस लाने के लिए पूरी तरह से सुरक्षित है।

## यूक्रेन युद्ध समाप्त करने में हर देश की मदद का स्वागत करता है अमेरिका : व्हाइट हाउस

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय 'व्हाइट हाउस' के राष्ट्रीय सुरक्षा संचार सलाहकार जॉन किर्बी ने कहा है कि अमेरिका ऐसे किसी भी देश का स्वागत करता है जो यूक्रेन में संघर्ष को समाप्त करने में मदद करने का प्रयास करना चाहता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल में रूस की यात्रा के बाद यूक्रेन की यात्रा की थी। इसके बाद अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने मोदी से फोन पर बात की। किर्बी से बुधवार को एक संवाददाता सम्मेलन में इस बातचीत के संबंध में सवाल किया गया और उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें लगता है कि भारत युद्ध को समाप्त करने में भूमिका निभा सकता है। किर्बी ने कहा, ''ऐसा कोई भी देश जो इस युद्ध को समाप्त करने में मदद करने के लिए तैयार है और राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के विशेषाधिकारों, यूक्रेनी लोगों के विशेषाधिकारों, न्यायपूर्ण शांति स्थापना की उनकी योजना को ध्यान में रखते हुए ऐसा करता है, हम उसकी भूमिका का निश्चित ही स्वागत करेंगे।'' यह पूछे जाने पर कि क्या उन्हें लगता है कि भारत शांति कायम करने में भूमिका निभा सकता है, 'व्हाइट हाउस' के अधिकारी ने कहा, ''हम निश्चित रूप से ऐसी उम्मीद करते हैं।'' बाइडन ने फोन पर बातचीत के दौरान मोदी की पोलैंड और यूक्रेन की ऐतिहासिक यात्राओं के लिए उनकी सराहना की, जो दशकों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा थी। उन्होंने यूक्रेन में शांति स्थापना और मानवीय मदद के



उनके संदेश की भी सराहना की। क्या बोले जॉन किर्बी? एक प्रेस कांफ्रेस में व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा संचार सलाहकार जॉन किर्बी कहा कि कोई भी राष्ट्र जो इस युद्ध को समाप्त करने में मदद करने का इच्छुक है और राष्ट्रपति जेलेंस्की के विशेषाधिकारों, यूक्रेनी लोगों के विशेषाधिकारों, न्यायपूर्ण शांति की उनकी योजना को ध्यान में रखते हुए ऐसा करता है तो हम निश्चित रूप से उस तरह की भूमिका का स्वागत करेंगे। दरअसल, बुधवार को एक प्रेस कांफ्रेंस में जॉन किर्बी से राष्ट्रपति जो बाइडन की यूक्रेन यात्रा के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन करने के बारे में पूछा गया? सका जवाब देते हुए उन्होंने यह टिप्पणी की। साथ ही जॉन किर्बी ने एक और सवाल कि क्या उन्हें लगता है कि भारत इस युद्ध को समाप्त करने में भूमिका निभा सकता है? का जवाब देते हुए व्हाइट हाउस के अधिकारी ने कहा कि हम निश्चित रूप से ऐसी उम्मीद करते हैं। पीएम मोदी-बाइडन की वार्ता में बांग्लादेश में लोगों की सुरक्षा पर भी हुई चर्चा इसके साथ ही जॉन किर्बी ने यह भी बताया कि पीएम मोदी और जो बाइडन के बीच बीते सप्ताह हुई बातचीत में बांग्लादेश में लोगों की सुरक्षा पर भी चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि बातचीत के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने बांग्लादेश में लोगों की सुरक्षा और वहां लोकतांत्रिक संस्थानों के भविष्य के बारे में अपनी चिंता व्यक्त की थी।

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ने बांग्लादेश में लोगों की सुरक्षा और उनके लोकतांत्रिक संस्थानों के भविष्य के बारे में अपनी निरंतर चिंताओं को स्पष्ट किया है। गौरतलब है कि 26 अगस्त की कॉल के बाद व्हाइट हाउस की ओर से जारी बयान में बांग्लादेश का कोई जिक्र नहीं किया गया था। हालांकि, पीएम मोदी ने एक्स पर जो पोस्ट किया था उसमें इस बारे में बताया गया था कि टेलीफोन पर बातचीत के दौरान बांग्लादेश पर चर्चा की गई थी।

## जॉर्जिया के स्कूल में हुई ताबड़तोड़ फायरिंग में 4 लोगों की मौत, 30 घायल

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के जॉर्जिया में एक हाई स्कूल में बुधवार को ताबड़तोड़ फायरिंग में कम से कम 4 लोगों की मौत हो गई. विंडर में अपालाची हाई स्कूल में हुई गोलीबारी में मारे गए लोगों के अलावा 30 लोग घायल भी हुए हैं. स्कूल के प्रवक्ता ने बताया कि घटना नियंत्रण में है और छात्रों को दोपहर में छुट्टी दे दी गई। एजेंसी ने एक प्रत्यक्षदर्शी छात्र सर्जियो काल्डेरा के हवाले से बताया गया कि वह रसायन विज्ञान की कक्षा में था, जब उसने गोलियों की आवाज सुनी. 17 वर्षीय काल्डेरा ने बताया कि उसके शिक्षक ने दरवाजा खोला और एक अन्य शिक्षक दौड़कर आए और उन्हें दरवाजा बंद करने के लिए कहा क्योंकि बार एक शख्स गोलीबारी कर रहा था. जब छात्र और शिक्षक कमरे में इकट्ठे हुए तो किसी ने उनकी क्लास के दरवाज़े पर ज़ोर से दस्तक दी और उसे खोलने के लिए कई बार चिल्लाया. जब खटखटाना बंद हुआ, तो काल्डेरा ने और अधिक गोलियों की आवाज और चीखें सुनीं। बता दें कि अमेरिका में पिछले दो दशकों में स्कूलों और कॉलेजों के अंदर सैकड़ों गोलीबारी के मामले देखने को मिले हैं. इनमें सबसे घातक 2007 में वर्जीनिया टेक में हुआ, जिसमें 30 से अधिक लोगों की मौत हुई थी. इस नरसंहार ने अमेरिकी गन कानूनों और अमेरिकी संविधान के दूसरे संशोधन पर तीखी बहस छेड़ दी थी, जो हथियार रखने और धारण करने के अधिकार को सुनिश्चित करता है। व्हाइट हाउस ने एक बयान में कहा कि राष्ट्रपति जो बाइडेन को गोलीबारी के बारे में जानकारी दी गई है और उनका प्रशासन संघीय, राज्य और स्थानीय अधिकारियों के साथ समन्वय करना जारी रखेगा क्योंकि हमें अधिक जानकारी मिलती है। स्कूल में गोलीबारी पर बाइडन बोले- हम इसे स्वीकार नहीं कर सकते अमेरिका में जॉर्जिया के पास अपालाची हाईस्कूल में बुधवार (स्थानीय समयानुसार) को गोलीबारी में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि नौ से अधिक लोग घायल हो गए। इस घटना के पीड़ितों के प्रति व्हाइट हाउस और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने संवेदना व्यक्त की। इसके साथ ही बाइडन ने रिपब्लिकन से बंदूक हिंसा को रोकने के लिए मदद मांगी है। उन्होंने बंदूक सुरक्षा कानून पारित करने के लिए संसद में डेमोक्रेट के साथ मिलकर काम करने का आह्वान किया है। बंदूक हिंसा हमारे समुदायों को अलग कर रही बाइडन ने गोलीबारी की घटना को एक और भयावह घटना बताया। उन्होंने कहा, जिल और मैं बंदूक हिंसा में गई लोगों की जान का शोक मना रहे हैं। साथ ही उन बचे लोगों के बारे सोच रहे, जिनकी जिंदगी हमेशा के लिए बदल गई। जॉर्जिया के स्कूल में एक खुशहाल माहौल होना चाहिए था, जो अब भयानक याद में बदल गया कि कैसे बंदूक हिंसा हमारे समुदायों को अलग कर रही है। हम सामान्य मानकर नहीं चल सकतेः बाइडन अमेरिकी राष्ट्रपति ने इस बात पर अफसोस जताया कि देश भर में छात्र पढ़ना-लिखना सीखने के बजाय झुकना और छिपना सीख रहे हैं। उन्होंने कड़े शब्दों में कहा कि हम इसे सामान्य मानकर नहीं चल सकते। इसे स्वीकार करना जारी नहीं रख सकते। हम संघीय, राज्य और स्थानीय स्तर पर अधिकारियों के साथ समन्वय कर रहे हैं और उनके आभारी हैं, जिन्होंने संदिग्ध को हिरासत में लिया और कई मासूम जानों को बचा लिया। जॉर्जिया के स्कूल में हुई गोलीबारी की घटना के बाद व्हाइट हाउस ने संसद से कुछ करने का आह्वान किया है। व्हाइट हाउस के प्रेस सचिव जीन पियरै ने घटना पर दुख जताते हुए कहा, हमें वैश्विक पृष्ठभूमि की जांच करने की जरूरत है।

### ट्रम्प बोले- चुनाव जीता तो यूएफओ की तस्वीरें जारी करूंगा

**वाशिंगटन, एजेंसी।** पूर्व अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि अगर वो राष्ट्रपति चुनाव जीतते हैं तो यूएफओ से जुड़ी तस्वीरें और फुटेज जारी करेंगे। ट्रम्प ने ये दावा मंगलवार को किया है। ट्रम्प ने अमेरिकी पोडकास्टर लेक्स फ्रिडमैन से बात करते हुए कहा कि वे एलियन्स के साथ हुई संभावित मुठभेड़ों के फुटेज जारी करेंगे। दरअसल पॉडकास्टर फ्रिडमैन ने ट्रम्प से पूछा था कि बहुत से लोग यूएफओ की तस्वीरों में बहुत रूचि लेते हैं। पेंटागन ने भी कई वीडियो रिलीज किए है और फायटर पायलेट्स की कई रिपोर्ट्स भी सामने आई हैं। कई लोग दावा करते हैं कि पेंटागन के पास ऐसे कई फुटेज हैं। ऐसे में क्या आप पेंटागन से और अधिक फुटेज जारी करने के लिए कहेंगे? इस सवाल के जवाब में ट्रम्प ने कहा कि हां मैं ऐसा जरूर करूंगा। मुझे ये करना काफी अच्छा लगता है। मुझे ऐसा करना ही होगा। पूर्व राष्ट्रपति कैनेडी की हत्या पर आयोग बनाएंगे डोनाल्ड ट्रम्प ने पोडकॉस्ट के दौरान पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति की हत्या पर भी बात की। उन्होंने कहा कि वो कैनेडी की हत्या पर एक राष्ट्रपति आयोग का गठन करेंगे। ये आयोग कैनेडी की हत्या से संबंधित सभी दस्तावेज जारी करेगा। ट्रम्प ने दावा किया कि कई लोग उन पर कैनेडी की हत्या के दस्तावेजों को लेकर दबाव डाल रहे हैं। ट्रम्प ने कहा कि वो पहले ही बहुत सारे दस्तावेज जारी करते। लेकिन कई लोग उनके पास आए और उनसे ऐसा नहीं करने के लिए कहा। हालांकि ट्रम्प ने कहा कि वो इस बार इन दस्तावेजों को जरूर जारी करेंगे। और ये काम वो अपने कार्यकाल की शुरुआत में ही करेंगे। सेक्स ट्रैफिकिंग आरोपी जेफरी एपस्टीन के दस्तावेज जारी करेंगे डोनाल्ड ट्रम्प ने वादा किया है कि अगर वे राष्ट्रपति चुनाव जीतते हैं तो जेफरी एपस्टीन के दस्तावेज जारी करेंगे। जेफरी एपस्टीन न्यूयॉर्क और फ्लोरिडा का एक फाइनेंसर था जिस पर सेक्स ट्रैफिकिंग के लिए मुकदमा चल रहा था। जेफरी एपस्टीन ने 2019 में अपनी जेल की कोठरी में आत्महत्या कर ली थी। उसके खिलाफ नाबालिगों से यौन शोषण के आरोप भी लगे थे। एपस्टीन अपने प्राइवेट आईलैंड्स और आलीशान घरों पर खास हाई प्रोफाइल लोगों को बुलाने के लिए जाना जाता था। एपस्टीन के साथ कई प्रसिद्ध लोगों का नाम जुड़ता है। इन लोगों में प्रिंस एंड्रयू, बिल क्लिंटन, डोनाल्ड ट्रम्प, स्टीफन हॉकिंग, माइकल जैक्सन, डेविड कॉपरफील्ड, लियोनार्डो डिकैप्रियो के नाम भी शामिल हैं। हालांकि ट्रम्प ने कहा कि उनकी एप्सटीन के साथ कोई भागीदारी नहीं थी। हालांकि, वे एक-दूसरे से परिचित थे। ट्रम्प ने कहा कि वह एक अच्छा सेल्समैन और तंदुरुस्त किस्म का व्यक्ति था।

## यूक्रेन के चार मंत्री बर्खास्त, विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा पहले ही दे चुके हैं इस्तीफा

**कीव, एजेंसी।** यूक्रेन की संसद ने चार मंत्रियों को बाहर कर दिया है। वहीं विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा बुधवार को इस्तीफा दे चुके हैं। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, सांसदों ने बुधवार को यूरोपीय और यूरो-अटलांटिक एकीकरण के लिए उप प्रधान मंत्री ओल्हा स्टेफनिशिना, सामरिक उद्योग मंत्री ऑलेक्जेंडर कामिशिन, न्याय मंत्री डेनिस माल्युस्का और पर्यावरण संरक्षण और प्राकृतिक संसाधन मंत्री रुस्लान स्ट्रेलेट्स को बर्खास्त करने के लिए मतदान किया। संसद ने विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा की बर्खास्तगी पर विचार नहीं किया, जिन्होंने बुधवार को इस्तीफा दे दिया था। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि कैबिनेट फेरबदल का उद्देश्य विभिन्न चरणों में यूक्रेन को मजबूत करना है। संसद के अध्यक्ष रुस्लान स्टेफानचुक ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर लिखा, विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने बुधवार को संसद को इस्तीफा पत्र सौंप दिया। स्टेफनचुक ने कहा कि संसद निकटतम पूर्ण सत्र में कुलेबा के आवेदन पर विचार करेगी। 43 वर्षीय कुलेबा को मार्च 2020 में यूक्रेन का विदेश मंत्री नियुक्त किया गया था। मंगलवार को सर्वेंट ऑफ द पीपल पार्टी के संसदीय गुट के नेता डेविड अराखामिया ने टेलीग्राम पर कहा कि कैबिनेट के 50 प्रतिशत से अधिक स्टाफ को बदला जाएगा। आयरिश प्रधानमंत्री साइमन हैरिस के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में राष्ट्रपति जेलेंस्की ने इस मुद्दे पर भी राय रखी। उन्होंने कहा, वह किसी रिप्लेसमेंट का ऐलान



नहीं कर सकते हैं क्योंकि उन्हें नहीं पता कि उम्मीदवार सरकार में शामिल होने के उनके प्रस्ताव को स्वीकार करेंगे या नहीं। राष्ट्रपति की वेबसाइट से पता चला कि उन्होंने अर्थव्यवस्था को संभालने वाले डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ रोस्टीस्लाव शुरमा को भी निकाल दिया था। संसद सत्र खत्म हो चुका था, लेकिन कुलेबा के इस्तीफे पर विचार नहीं किया गया। यूक्रेन की संसद में यह महत्वपूर्ण बदलाव तब हो रहे हैं, जब युद्ध के चलते रूसी सेना पूर्वी मोर्चे पर आगे बढ़ रही है। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की इस महीने एक प्रमुख सहयोगी अमेरिका की यात्रा पर जाने वाले हैं, जहां उनके राष्ट्रपति जो बाइडेन को अपनी जीत की योजना के बारे में बता सकते हैं। फरवरी 2022 में रूस द्वारा आक्रमण शुरू करने के बाद से जेलेंस्की ने कई फेरबदल के आदेश दिए हैं। पिछले सितंबर में, उन्होंने भ्रष्टाचार के कई घोटालों के बीच अपने रक्षा मंत्री को बर्खास्त कर दिया था और हाल ही में युद्ध में असफलताओं के बाद सेना के शीर्ष कमांडर को हटा दिया था। इस साल की शुरुआत में मंत्रियों को निकाले जाने या इस्तीफा देने के बाद से कम से कम पांच विभाग खाली हो गए हैं, जिनमें महत्वपूर्ण कृषि और इन्फ्रास्ट्रक्चर विभाग भी शामिल हैं। वहीं इस मामले पर विपक्षी विधायक इरीना हेराशचेंको ने कहा, यह बिना मंत्रियों की सरकार है। एक बौद्धिक और कार्मिक संकट जिसके प्रति अधिकारी अपनी आंखें बंद कर रहे हैं। उन्होंने राष्ट्रीय एकता को समर्पित सरकार का आह्वान किया जो जेलेंस्की की राजनीतिक टीम की सत्ता की बागडोर पर कड़ी पकड़ को खत्म कर दे। राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की का कार्यकाल मई में समाप्त हो गया था, लेकिन वह अपने पद पर बने हुए हैं क्योंकि यूक्रेन में मार्शल लॉ लागू है।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर

सीधी, शुक्रवार 06 सितम्बर 2024




केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के भोपाल स्थित आवास पर उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने भेंट कर उनके चाचा श्री चैन सिंह के दुखद निधन पर गहन शोक व्यक्त किया।



# नलजल योजनाओं को पूर्ण कराकर 31 दिसम्बर तक ग्राम पंचायतों को सौंपे

## नलजल योजना के निर्माण में देरी करने वाले ठेकेदारों को ब्लैक लिस्टेड करें : कलेक्टर

**रीवा।** कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने पीएचई विभाग द्वारा बनाई जा रही नलजल योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि नलजल योजनाओं की प्रगति की हर सप्ताह रिपोर्ट प्रस्तुत करें। निर्माणाधीन नलजल योजनाओं का कार्य 31 दिसम्बर तक पूरा कराकर इन्हें ग्राम पंचायतों को संचालन के लिए सौंपे। अब तक जो योजनाएं पूरी हो गई हैं उन्हें एक सप्ताह में ग्राम पंचायतों को हैण्डओवर कर दें। नलजल योजनाओं के निर्माण में अनावश्यक देरी करने वाले ठेकेदारों को ब्लैक लिस्टेड करने की कार्यवाही करें। साथ ही नलजल योजनाओं के अधूरे निर्माण कार्य पूरा कराने के लिए



वैकल्पिक निर्माण एजेंसियों के निर्धारण के लिए टेण्डर की कार्यवाही करें। कलेक्टर ने कहा कि एक अक्टूबर से सभी नलजल योजनाओं से पेयजल की आपूर्ति के प्रयास करें। निर्माणाधीन योजनाओं में पाइपलाइन बिछाने का कार्य 30 सितम्बर तक पूरा कराकर पेयजल की आपूर्ति शुरू कराएं। यदि 30 सितम्बर तक निर्माणाधीन टंकी का निर्माण पूरा नहीं होता है तो स्पॉट सोर्स से पानी की आपूर्ति कराएं। हैण्डपंप सुधार से संबंधित सीएम हेल्पलाइन के 624 प्रकरण लंबित रहने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कलेक्टर ने कहा कि सभी बिगड़े हैण्डपंपों का 10 दिवस में सुधार कराएं। वेण्डर जवा और त्योंथर विकासखण्ड में हैण्डपंप सुधार के लिए अतिरिक्त टीमें तैनात करें। कार्यपालन यंत्री पीएचई टीएल बैठक में हैण्डपंपों के सुधार और नलजल योजनाओं की प्रगति की हर सप्ताह रिपोर्ट प्रस्तुत करें। बैठक में कार्यपालन यंत्री पीएचई संजय पाण्डेय ने बताया कि जिले में कुल 509 नलजल योजनाएं स्वीकृत हैं। इनमें से 312 का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। शेष नलजल योजनाओं का कार्य 15 दिसम्बर तक पूरा कर लिया जाएगा। निर्माण कार्य में देरी करने वाले ठेकेदारों पर 10 प्रतिशत पेनल्टी लगाने की कार्यवाही की जा रही है। तय समय सीमा में टंकियों का निर्माण पूरा कराकर पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। हैण्डपंपों के सुधार के लिए अतिरिक्त टीमें तैनात की जा रही हैं।

## कमिश्नर 10 सितम्बर को करेंगे शिक्षा विभाग की समीक्षा

**रीवा।** कमिश्नर बीएस जामोद 10 सितम्बर को कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में शिक्षा विभाग की समीक्षा करेंगे। बैठक सुबह 11 बजे आरंभ होगी। संयुक्त संचालक शिक्षा तथा संभाग के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## सचिव पीएचई आज वीडियो कान्फ्रेंसिंग से करेंगे समीक्षा

**रीवा।** वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के सचिव श्री पी नरहरि रीवा एवं शहडोल संभाग की नल जल योजनाओं तथा जल जीवन मिशन कार्यों की समीक्षा करेंगे। समीक्षा बैठक 6 सितंबर को दोपहर 12.30 बजे से आरंभ होगी। कमिश्नर बीएस जामोद ने संबंधित अधिकारियों को कमिश्नर कार्यालय के वीडियो कान्फ्रेंसिंग कक्ष में उपस्थित होकर बैठक में शामिल होने के निर्देश दिये हैं।

# जुलूस और उत्सव की व्यवस्थाओं में सहयोग करें : अपर कलेक्टर

## पण्डालों और जुलूस में डीजे का उपयोग रहेगा प्रतिबंधित : एडिशनल एसपी

**रीवा।** कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने कहा कि सबके सहयोग और समन्वय से त्यौहारों के लिए समुचित व्यवस्था की जाएगी। जुलूस और त्यौहारों में नगर निगम साफ-सफाई, प्रकाश तथा पेयजल की व्यवस्था करेगा। जुलूस और उत्सव की व्यवस्थाओं में आमजनता भी प्रशासन को सहयोग करे। शासन के निर्देशों और सुरक्षा को ध्यान में रखकर त्यौहार मनाएं। जुलूस परंपरागत रूप से निर्धारित मार्ग से ही निकालें। जुलूस के दौरान पुलिस द्वारा सुरक्षा और यातायात के समुचित प्रबंध किए जाएंगे। बाबा घाट में प्रतिमाओं का विसर्जन पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। नगर निगम द्वारा चलित टैंकर के माध्यम से घर में रखी छोटी प्रतिमाओं को विसर्जन की सुविधा दी जाएगी। बड़ी प्रतिमाओं का विसर्जन करहिया घाट में किया जाएगा। अपर कलेक्टर ने कहा कि अधीक्षण यंत्री विद्युत मण्डल ढीले तारों को ऊँचा कराएं। पूजा पण्डालों में अस्थायी बिजली कनेक्शन देने के साथ उनमें सुरक्षा की पूरी जाँच भी कराएं।

बैठक में एडिशनल एसपी अनिल सोनकर ने कहा कि हर वर्ष की तरह सबके सहयोग से जुलूस और पण्डालों में व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। जुलूस एक बार शुरू होने के बाद निरंतर चलता रहे। चौराहों में जुलूस रोकने पर व्यवधान होता है। जुलूस और पूजा पण्डालों में डीजे बजाने पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा। जुलूस के वाहन में केवल दो साउंड बाक्स रखने की ही अनुमति होगी। यदि डीजे संचालक इसका उल्लंघन करेंगे तो जब्ती की कार्यवाही की जाएगी। लोक निर्माण विभाग के अधिकारी जुलूस मार्ग की सड़कों को ठीक करा दें। बैठक में प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्तियों को जब्त करने, सड़कों के सुधार, करहिया मार्ग में प्रकाश की व्यवस्था के सुझाव दिए गए। बैठक में संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय, तहसीलदार हुजूर शिवशंकर शुक्ला, सीएसपी ऋतु उपाध्याय तथा शिवाली चतुर्वेदी, अन्य संबंधित अधिकारी और शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## कमिश्नर संभागीय बैठक में करेंगे खाद्य विभाग की समीक्षा

**रीवा।** खाद्य विभाग की संभागीय समीक्षा बैठक 9 सितम्बर को प्रातः 11 बजे से कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित की जा रही है। रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद बैठक में सार्वजनिक वितरण प्रणाली से खाद्यान्न वितरण की समीक्षा करेंगे। बैठक में खाद्यान्न के आवंटन, उठाव तथा वितरण, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना एवं सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की भी समीक्षा की जाएगी। सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

# रोजगार मेले में 190 युवाओं को मिला रोजगार का अवसर

**रीवा।** मऊगंज में शासकीय शहीद केदारनाथ स्मृति महाविद्यालय में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इसमें 190 युवाओं को विभिन्न शासकीय और अशासकीय कंपनियों में रोजगार का अवसर मिला। इस संबंध में उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में कुल 287 आवेदकों ने पंजीयन कराया था। विभिन्न कंपनियों ने मौके पर साक्षात्कार लेकर इनमें से 190 युवाओं का चयन किया। ग्रेट गेलियन वेन्चर्स लि. (आईसेक्ट) रीवा में 34, प्रगतिशील बायोटेक रीवा में 36, प्रगतिशील एग्रोटेक रीवा में 42, एचडीएफसी लाइफ इश्योरेन्स लि. रीवा में 15, भारतीय जीवन बीमा निगम रीवा में 6, स्वतंत्र माइक्रोफिन प्राइवेट लि. में 7 तथा द ई पाई डॉट कॉम हावेल्स सोलर लिमिटेड रीवा में 50 युवाओं को रोजगार का अवसर मिला है। मेले के आयोजन में जिला प्रशासन मऊगंज तथा महाविद्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों ने सराहनीय योगदान दिया।

# वनाधिकार के सभी दावे खण्ड स्तरीय समिति 15 सितम्बर तक निराकृत करें : कलेक्टर

**रीवा।** कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने वनाधिकार दावों के निराकरण की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि जिला स्तरीय समिति से अमान्य किए गए सभी दावों का मौके पर परीक्षण करा लें। ग्राम स्तरीय तथा खण्ड स्तरीय समिति में जो वनाधिकार दावे लंबित हैं उनका 15 सितम्बर तक निराकरण करके अंतिम निर्णय के लिए जिला समिति में प्रस्तुत करें। सभी एसडीएम वनाधिकार के प्रकरणों के निराकरण के लिए तत्परता से कार्यवाही करें। हर पात्र



व्यक्ति को वनाधिकार पत्र प्रदान करें। वनाधिकार के दावों के निराकरण की 23 सितम्बर को जिला स्तरीय समिति की बैठक में समीक्षा की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि सभी एसडीएम ग्राम पंचायतों से प्रस्ताव प्राप्त कर उनकी खण्ड स्तरीय समिति की बैठक में समीक्षा कर लें। सभी प्रस्ताव ऑनलाइन दर्ज करा दें। तहसील जवा में 31 ग्राम पंचायतों के 1430 दावे लंबित हैं। खण्ड स्तर पर भी 150 दावे लंबित हैं। तहसील गुढ़ में 186 दावे लंबित हैं। इसी तरह तहसील मनगवां, रायपुर कर्चुलियान, त्योंथर एवं हुजूर तहसीलों में भी दावे लंबित हैं। इन सभी का 15 सितम्बर तक् अनिवार्य रूप से निराकरण कराएं। बैठक में संयुक्त कलेक्टर तथा प्रभारी अधिकारी ट्राईबल पीके पाण्डेय ने लंबित वनाधिकार दावों की जानकारी दी। बैठक में डीएफओ अनुपम शर्मा, एसडीएम हुजूर वैशाली जैन, एसडीएम गुढ़ डॉ अनुराग तिवारी, एसडीएम जवा पीयूष भट्ट तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## कमिश्नर 12 सितम्बर को करेंगे स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा

**रीवा।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में 12 सितम्बर को प्रातः 11 बजे से संभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की जा रही है। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कमिश्नर बीएस जामोद स्वास्थ्य विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं की समीक्षा करेंगे। बैठक में क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य, संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास, संयुक्त संचालक योजना एवं सांख्यिकी, संभागीय आयुष अधिकारी तथा सभी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

# कमिश्नर तथा आईजी ने नवरात्रि मेले की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**रीवा।** रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने मैहर पहुंचकर माँ शारदा के दर्शन तथा पूजा-अर्चना की। इसके बाद कमिश्नर ने मंदिर परिसर तथा मेला परिसर का भ्रमण किया। कमिश्नर श्री जामोद ने कहा कि माँ शारदा देवी का मंदिर आस्था का बहुत बड़ा केन्द्र है। नवरात्रि मेले में प्रतिदिन लाखों भक्त दर्शन के लिए पहुंचते हैं। प्रत्येक भक्त को सुरक्षा और सुगमता के साथ माँ शारदा के दर्शन हो सके, ऐसी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। मेला



परिसर में पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बल तैनात रखें। सीसीटीवी के माध्यम से संदिग्ध व्यक्तियों पर कड़ी निगरानी रखें। मौके पर उपस्थित आईजी एमएस सिकरवार ने बताया कि मेला परिसर में 1500 से अधिक सुरक्षाकर्मी तैनात रहेंगे। मेले में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति पर नजर रखी जाएगी। असामाजिक तत्वों पर लगातार कार्यवाही की जाएगी। मौके पर उपस्थित कलेक्टर मैहर श्रीमती रानी बाटड ने नवरात्रि मेले के लिए किए गए प्रबंधों की जानकारी दी। इस अवसर पर डीआईजी साकेत प्रकाश पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल, अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम विकास सिंह, एएसपी मुकेश वैश्य तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## मतदान के लिए रहेगा अवकाश

**रीवा।** जिले में नगरीय निकायों तथा पंचायत राज संस्थाओं के रिक्त पदों में चुनाव कराया जा रहा है। इसके लिए 11 सितम्बर को मतदान कराया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि नगरीय निकाय के जिन वार्डों में मतदान होगा तथा ग्राम पंचायतों में जिन वार्डों में मतदान होगा उनमें 11 सितम्बर को मतदान के लिए सार्वजनिक अवकाश रहेगा। जिन क्षेत्रों में मतदान होना है उनके मतदाता यदि किसी व्यावसायिक संस्थान, कारखाने आदि में कार्यरत हैं तो उन्हें भी मतदान के लिए कम से कम दो घंटे का अवकाश दिया जाएगा।

# नेशनल लोक अदालत में आपसी सुलह से होगा प्रकरणों का निराकरण

**रीवा।** जिला न्यायालय परिसर तथा तहसील न्यायालयों में 14 सितम्बर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इसकी तैयारी बैठक जिला न्यायालय परिसर के एडीआर भवन में आयोजित की गई। बैठक में प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री राकेश मोहन प्रधान ने कहा कि नेशनल लोक अदालत में आपसी सुलह से प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। पक्षकार तथा संबंधित विभाग



एवं संस्थाएं पूरी तैयारी के साथ लोक अदालत में शामिल होकर अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण करें। पीठासीन अधिकारियों के साथ तैनात अधिवक्तागण एवं सामाजिक अधिवक्ता प्रकरणों के निराकरण में सहयोग करें। विभिन्न बीमा कंपनियों के अधिवक्तागण अनावेदकों के साथ संवाद करके बीमा संबंधी प्रकरणों का निराकरण कराएं। नेशनल लोक अदालत में बिजली, नगर निगम, मोटरयान दुर्घटना दावा तथा अन्य प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। बैठक में नेशनल लोक अदालत के प्रभारी विशेष न्यायाधीश श्री सुरेन्द्र कुमार, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री आशीर्वाद भिलाला, बीमा कंपनियों के प्रतिनिधि तथा अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

# भारतीयता से भारत से जुड़ने का बोध होता है : डॉ द्विवेदी

**रीवा।** संभागीय जन अभियान परिषद द्वारा महर्षि अरविंद के जन्मदिन पखवाड़े पर जेएनसीटी कालेज में व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। व्याख्यानल माला का शुभारंभ करते हुए प्रमुख वक्ता डॉ आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि भारतीयता की अवधारणा समावेशी अवधारणा है। हमारी पहचान में विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों, विविध संस्कृतियों, भाषाओं और बोलियों का समावेश है। इस भारतीयता की अवधारणा में सभ्यताओं में निरंतरता है। भारतीय चेतना किसी एक क्षेत्र, जाति, संप्रदाय और संस्कृति से बंधी हुई नहीं है। भारतीयता से तात्पर्य उस विचार या भाव से है जिसमें भारत से जुड़ने का बोध होता है। साथ ही इसमें भारतीय तत्वों की झलक और भारतीय संस्कृति से जुड़ाव होता है। कार्यक्रम में जे.एन.सी.टी. महाविद्यालय के चेयरमैन श्री एस.एस. तिवारी ने कहा कि जब



हम भारत को मानने एवं जानने लगते हैं, वहीं से हमारा भारत के बनने की प्रक्रिया प्रारम्भ होती है। भारत का बनना या भारतीय बनना, भारत की नागरिकता से संबंधित नहीं है। भारतीय बनना जीवन जीने का एक मार्ग है। कार्यकम में श्री सूर्यनारायण पाण्डेय सहायक आयुक्त ने कहा कि अध्यात्म की नीव पर आधारित हमारी संस्कृति एवं आचरण का पालन करना ही भारत का बनना है। भले ही आप भारत की धरती से मिलों दूर क्यूँ ना हो, आप अपने कर्म, विचार एवं आचरण से भारतीय हो सकते हैं। भारतीय बनने पर ही हम सही में स्वयं की पहचान कर सकते हैं। ऐसा करने से ही हम सामाजिक परिवर्तन की ओर सुदृढ़ रूप से आगे बढ़ सकेंगे। कार्यक्रम का विषय प्रवर्तन करते हुए जन अभियान परिषद के संभागीय समन्वयक प्रवीण पाठक ने कहा कि जन अभियान परिषद द्वारा प्रदेश के समस्त जिलों व संभागों में महर्षि अरविन्द जी के विचारों पर आधारित व्याख्यानमालाओं का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष आयोजित व्याख्यानमाला का संदर्भ विषय हम भारतीय बने रखा गया है। कार्यक्रम में रीवा संभाग अन्तर्गत आने वाले सभी 6 जिलों के प्रतिभागियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में रीवा जिलें में कार्यरत परामर्शदाता, स्वयंसेवी संगठनों के पदाधिकारी, शिक्षाविद् एवं छात्र-छात्राओं ने भी सहभागिता की। कार्यक्रम के समापन में संभाग में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सामाजिक कार्यकर्ताओं व परामर्शदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# जल जीवन मिशन के कार्य को गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें

## स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग समन्वय बनाकर करे कार्य : कमिश्नर

**रीवा।** सिंगरौली कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जमोद ने कहा कि जल जीवन मिशन केन्द्र सरकार की अति महत्वपूर्ण योजना है इस योजना का लाभ दूर दराज के क्षेत्रो में निवास करने वाले आम जन मानस तक पहुचना चाहिए। समय सीमा एवं गुणवत्ता के साथ जल जीवन मिशन के कार्य को पूर्ण करें। जल जीवन मिशन का लक्ष्य हर व्यक्ति तक स्वच्छ जल उपलब्ध कराना है। जल जीवन मिशन से जुड़े अधिकारी कर्मचारी इसके कार्य को गंभीरता के साथ इसे पूरा करें। उन्होंने लोक स्वाथ्य यात्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री से हर घर में नल के माध्यम से पेयजल की आपूर्ति एवं अपूर्ण कार्य समय



सीमा में पूरा कराने के निर्देश दिए। पेयजल की शुद्धता की समय-समय पर जॉच करें। पेयजल से होने वाली बीमारियों के रोकथाम के लिए हैन्डपंपो सहित पेयजल के अन्य स्रोतों का शुद्धीकरण कराएं। कमिश्नर ने स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग के द्वारा संचालित कार्यो के प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि लक्ष्य के अनुसार शत प्रतिशत टीकाकरण किया जाये। जिले में शत प्रतिशत संस्थागत प्रसव के लिए जागरूकता अभियान चलाएं। गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर समय-समय उनका स्वाथ्य परीक्षण कराएं। कुपोषित बच्चो को एनआरसी में लक्ष्य के अनुरूप भर्ती कर उनका उपचार करें। एचएमआईसी और अनमोल पोर्टल पर लक्ष्य के अनुरूप तीन माह के अंदर पंजीयन प्रक्रिया पूर्ण करें। पूर्ण संजीवनी क्लीनिक का निर्माण शीघ्र संचालन शुरू कराएं। कमिश्नर ने महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि जिले में संचालित प्रत्येक आंगनवाड़ी केन्द्र समय पर खुलें तथा केन्द्रों में बच्चों की उपस्थिति रहे। इसके लिए संबंधित क्षेत्रों की सुपरवाइजर अपने क्षेत्र के आंगनवाड़ी केन्द्र का निरंतर निरीक्षण कर प्रतिवेदन देना सुनिश्चित करें। साथ ही सभी केन्द्रो के प्रांगण में मुनगे का पौधारोपण कराया जाये। बैठक के दौरान कमिश्नर ने मुनगे के लाभ के संबंध में विस्तार से अवगत कराया। कमिश्नर ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुये कहा कि सभी कार्य समय पर पूर्ण कराएं तथा उद्यानिकी विभाग आजीविका समूह के माध्यम से नर्सरी का विकास कराएं। लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री सभी निर्माण कार्यों को समय पर गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराएं। गौवंश के सड़कों पर विचरण रोकने के लिए गौशालाओं का निर्माण कराएं। साथ ही गौशालाओं में पशुओ के लिए आहार और उनके पेयजल की समुचित व्यवस्था करें। सभी अधिकारी लक्ष्य के अनुसार पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित कराएं।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833